Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 01 ● वर्ष : 13 ● रायपुर, शनिवार 07 जून 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



अपरिग्रह वृत्ति ही हमारी सबसे बड़ी सम्पत्ति है।

Abstinece from infatuation is our greatest wealth of the soul.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

### मुख्यमंत्री साय ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह से की मुलाकात

## बस्तर अब डर से नहीं, डिजिटल बदलाव से पहचाना जा रहा है : विष्णुदेव साय

### मुख्यमंत्री साय ने दिखाई छत्तीसगढ़ की नई तस्वीर



**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से मुलाक़ात की। इस दौरान उन्होंने बस्तर में शांति व्यवस्था, विभिन्न योजनाओं एवं उपलब्धियों पर चर्चा की। इसके साथ ही हाल ही में छत्तीसगढ़ में आयोजित सुशासन तिहार की प्रधानमंत्री को जानकारी दी। दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से भी उनके आवास पर मुलाकात की। जहां राज्य के विकास, नक्सल ऑपरेशन सहित अन्य प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने बताया कि अब बस्तर का चेहरा बदल रहा है, जो कभी बंदूक और बारूदी सुरंगों के लिए जाना जाता था, आज वहाँ मोबाइल टावर खड़े हो रहे हैं, जो सिर्फ संचार का माध्यम नहीं बल्कि विकास और विश्वास के प्रतीक बन चुके हैं। सरकार द्वारा विगत डेढ़ वर्ष में 64 नए फॉरवर्ड सुरक्षा कैंपों की स्थापना की गई है। इन सुरक्षा चौकियों के आसपास गांवों में न केवल पुलिस की उपस्थिति से सुरक्षा की भावना बनी है, बल्कि इन इलाकों में अब नेटवर्क भी पहुंच गया है। सरकार ने अब तक कुल 671 मोबाइल टावर चालू कर दिए हैं, जिनमें से 365 टावरों में 4ज़ी सेवा उपलब्ध है। यह न सिर्फ तकनीकी बदलाव है, बल्कि यह संकेत है कि अब आदिवासी क्षेत्रों में संचार क्रांति की शुरुआत हो चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब बस्तर में सिर्फ मोबाइल टावर नहीं लग रहे हैं, बल्कि ये टावर इस बात का सबूत हैं कि वहां के बच्चे और युवा भी अब डिजिटल दुनिया से जुड़ रहे हैं। पहले जहां बच्चों को पढ़ाई या नौकरी की तैयारी के लिए शहर जाना पड़ता था, अब वही काम वे अपने गांव में मोबाइल नेटवर्क के ज़रिए ऑनलाइन कर पा रहे हैं। अब बस्तर का युवा भी स्मार्टफोन से अपनी दुनिया खुद बना रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया सुरक्षा कैंपों के इर्द-गिर्द बसते गांवों में अब बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुँच रही हैं। नियद नेल्लानार योजना के तहत चिन्हित 146 ग्रामों में 18 सामुदायिक सेवाएं और 25 तरह की सरकारी योजनाएं एक साथ क्रियान्वित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने बताया सुशासन तिहार के तहत अब तक सैकड़ों समाधान शिविर आयोजित किए गए हैं, जहां सांसद से लेकर विधायक तक गांव गांव पहुंचकर जनता की शिकायतों का समाधान किया। इन शिविरों में ग्रामीणों को राशन कार्ड, आधार, पेंशन, स्वास्थ्य परीक्षण, स्कूल प्रवेश, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला गैस जैसी योजनाओं का लाभ एक ही मंच पर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार जल संकट से निपटने के लिए मिशन मोड में काम कर रही है, और जनभागीदारी से लेकर तकनीकी उपायों तक, हर स्तर पर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री को बताया कि छत्तीसगढ़ में अब बारिश के दिन कम हो गए हैं- पहले जहाँ लगभग 100 दिन बारिश होती थी, अब सिर्फ़ 65 दिन ही होती है। तकनीक के तहत गांव-गांव में पानी बचाने के नए तरीके अपनाए जा रहे हैं।

### मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को नक्सल ऑपरेशन की उपलब्धियों और बस्तर के विकास की दी जानकारी



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह से नई दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश में माओवादी विरोधी अभियानों की अब तक की सफलताओं और बस्तर अंचल में चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री श्री विजय शर्मा तथा मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार की नई रणनीति और केंद्र के सहयोग से नक्सल उन्मूलन अभियान को निर्णायक मोड़ पर पहुंचाया गया है। विगत डेढ़ वर्ष में चलाए गए सघन अभियानों के सकारात्मक परिणाम मिले हैं। 1,428 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है, जो बीते पांच वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि है। मुख्यमंत्री श्री साय ने अवगत कराया कि 205 मुठभेड़ों में 427 माओवादी मारे गए, जिनमें संगठन के शीर्ष नेता महासचिव बसवा राजू और सेंट्रल कमेटी सदस्य सुधाकर जैसे कुख्यात माओवादी शामिल हैं। इसके साथ ही, राज्य में 64 नए फॉरवर्ड सुरक्षा कैंपों की स्थापना की गई है, जिससे सुरक्षा नेटवर्क मजबूत हुआ है।

## पीएम नरेन्द्र मोदी ने तिरंगा दिखाकर चिनाब आर्च ब्रिज का किया उद्घाटन

**कटरा-श्रीनगर वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई, कश्मीर तक चलने वाली पहली ट्रेन**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जम्मू-कश्मीर पहुंचे, जो पहलगाम आतंकी हमले के बाद क्षेत्र का उनका पहला दौरा है। अपने दौरे के दौरान प्रधानमंत्री ने चेनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल का उद्घाटन किया, जो उधमपुर-बनिहाल रेलवे परियोजना में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिससे पूरे क्षेत्र में कनेक्टिविटी में काफी सुधार होगा। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सीएम उमर अब्दुल्ला और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेल लिंक परियोजना टीम के साथ बातचीत की।

चिनाब ब्रिज से तस्वीरें सामने आई हैं जिसमें प्रधानमंत्री हाथ में तिरंगा लेकर चलते हुए नजर आ रहे हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चेनाब रेल पुल का निरीक्षण करने पहुंचे थे। चेनाब रेल ब्रिज, एक वास्तुशिल्प चमत्कार और दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज है, जिसकी लंबाई 1,315 मीटर है और यह अत्याधुनिक इंजीनियरिंग का एक प्रमाण है। असाधारण लचीलेपन के लिए डिज़ाइन किया गया, यह अत्यधिक भूकंपीय गतिविधि और 266 किमी/घंटा तक की हवा की गति का सामना कर सकता है, जो उच्च जोखिम वाले भूकंपीय क्षेत्र में इसके स्थान को देखते हुए महत्वपूर्ण विशेषताएँ है। भारतीय रेलवे के लिए पहली बार, इस पुल को विस्फोट-रोधी स्टील और कंक्रीट से बनाया गया है, जो इसके रणनीतिक महत्व और मजबूत सुरक्षा विशेषताओं को रेखांकित करता है।

जम्मू और कश्मीर के रियासी जिले में स्थित दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज, उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेल लिंक परियोजना (यूएसबीआरएल) का हिस्सा है। जिसका उद्देश्य जम्मू और कश्मीर में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देना है। इस बड़े दिन से पहले, हम इस बात पर करीब से नज़र डालते हैं कि कैसे चेनाब ब्रिज वास्तव में इंजीनियरिंग का एक उल्लेखनीय कारनामा है और कैसे इसे भूकंप और 40 किलोग्राम टीएनटी के विशाल विस्फोट को झेलने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

## प्रधानमंत्री ने कटरा से श्रीनगर तक वंदे भारत ट्रेन सेवा को दिखाई हरी झंडी



**जम्मू (विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के कटरा शहर से श्रीनगर तक वंदे भारत ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान सैकड़ों उत्साही लोगों ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई और कटरा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में सवार बच्चों से बातचीत की। सेवा का उद्घाटन करने के लिए हरी झंडी दिखाने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने वंदे भारत ट्रेन सेवा के बारे में बच्चों के विचार ध्यान से सुने। जैसे ही ट्रेन कटरा रेलवे स्टेशन से आगे बढ़ी, हवा में 'भारत माता की जय' के नारे गूंजने लगे। वंदे भारत ट्रेन में केंद्र शासित प्रदेश के मौसम की चरम स्थितियों के अनुकूल अत्याधुनिक सुविधाएं हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान पर जमकर निशान साधा

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पहली बार जम्मू कश्मीर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पाकिस्तान पर जमकर निशान साधा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि 22 अप्रैल को पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत दोनों पर वार किया है। उसका इरादा भारत में दंगे कराना था। उसका इरादा कश्मीर के लोगों की कमाई को रोकना था। यही कारण है कि पाकिस्तान ने पर्यटकों पर हमला किया। कटरा मोदी ने कहा कि पाकिस्तान ने पहलगाम में इन्सानियत और कश्मीरियत, दोनों पर वार किया।

## पहलगाम आतंकी हमले की निंदा पर विदेश मंत्री जयशंकर ने सेंट्रल एशियाई देशों का जताया आभार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करने के लिए केंद्रीय एशियाई देशों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने चौथे भारत-सेंट्रल एशिया संवाद के उद्घाटन भाषण के दौरान कहा मैं सराहना करता हूं कि आपके देशों ने भारत का साथ दिया और इस जघन्य आतंकी हमले की स्पष्ट निंदा की। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ साझी प्रतिबद्धता को दोहराया।

विदेश मंत्री ने भारत और सेंट्रल एशिया के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा भारत अपने सेंट्रल एशियाई देशों से हजारों वर्षों पुराने सभ्यतागत और सांस्कृतिक संबंधों को बहुत सम्मान देता है। व्यापार, विचारों के आदान-प्रदान और लोगों के संपर्क के माध्यम से बने ये रिश्ते समय के साथ और मजबूत हुए हैं। उन्होंने बताया कि भारत और सेंट्रल एशिया के बीच आधुनिक कूटनीतिक संबंध 1992 में शुरू हुए थे जिनमें जुलाई 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभी पांच केंद्रीय एशियाई देशों की यात्राओं के बाद तेजी आई।

इस दौरान विदेश मंत्री ने बीते दशक में व्यापार और आर्थिक संबंधों में हुई प्रगति को उजागर किया।

## सस्ते होंगे लोन, आरबीआई ने ब्याज दर घटाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को एमपीसी की बैठक के बाद नीतिगत ब्याज दरों में कटौती का एलान किया है। एमपीसी के सदस्यों ने रेपो रेट में 50 आधार अंकों की कटौती के पक्ष में मत दिया है। अब यह 6 प्रतिशत से घटकर 5.5ज़ हो गई। साल 2025 में लगातार तीसरी एमएमसी बैठक में ब्याज दरों में कटौती का एलान किया गया है। केंद्रीय बैंक के इस फैसले से आपके लोन की ईएमआई कम होने का रास्ता भी साफ हो गया है, हालांकि ऐसा बैंकों की ओर से ब्याज दरों में कटौती के एलान के बाद ही हो पाएगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को विकास को बढ़ावा देने के लिए रेपो दर में उम्मीद से अधिक 50 आधार अंकों की कटौती की। ब्याज दरों में कटौती के बाद प्रमुख नीतिगत दर घटकर तीन वर्ष के निम्नतम स्तर 5.5 प्रतिशत पर आ गई, जिससे आवास, ऑटो और कॉर्पोरेट ऋण लेने वालों को राहत मिल सकती है।

## सुप्रीम कोर्ट ने दी मंजूरी, 3 अगस्त 2025 को होगी नीट पीजी परीक्षा



**नई दिल्ली (ए)।** नीट पीजी 2025 परीक्षा को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। सुप्रीम कोर्ट ने 3 अगस्त, 2025 को नीट पीजी (स्नातकोत्तर) परीक्षा आयोजित कराने की इजाजत दे दी है। कोर्ट ने राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (NBE) को दी गई पूर्व समय सीमा को बढ़ा दिया है। यह परीक्षा पहले इस साल 15 जून को आयोजित होने वाली थी। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने साफ किया कि इस संबंध में ह्क्व्ध को कोई और समय सीमा नहीं दी जाएगी।

दरअसल, नीट पीजी परीक्षा आयोजित कराने वाली संस्था नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन (एनबीई) ने सुप्रीम कोर्ट में परीक्षा आयोजित कराने के लिए कुछ समय की मांग की थी। एनबीई की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त माह में परीक्षा आयोजित कराने के लिए निर्देश दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षा आयोजित कराने के लिए एनबीई को समय दिया है। सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने परीक्षा आयोजित कराने वाली संस्था से पूछा कि नीट-पीजी परीक्षा के लिए इतना समय क्यों दिया जाए। परीक्षा तो जुलाई के बीच में भी आयोजित कराई जा सकती है। दो महीने का समय क्यों दिया जाए? इससे तो दाखिला प्रक्रिया में देरी होगी। कोर्ट के इन सवालों पर एनबीई ने कहा कि परीक्षा को लेकर किसी भी तरह का समझौता हो, हम नहीं चाहते हैं।

एनबीई ने कहा कि परीक्षा को लेकर हम समय इसलिए ले रहे हैं ताकि परीक्षा आयोजित कराने के दौरान किसी भी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

## पशु अधिकार कार्यकर्ताओं ने नई दिल्ली के जंतर-मंतर में पशु बलि के सभी रूपों पर प्रतिबंध की मांग करते हुए किया विरोध प्रदर्शन




**दिल्ली (विश्व परिवार)।** ईद अल-अधा से पहले, कई स्थानीय लोग जंतर मंतर पर पशु कुर्बानी के खिलाफ प्रदर्शन के लिए एकत्र हुए। पशु कुर्बानी पर प्रतिबंध लगाओं और ख़ुदा खून नहीं चाहता जैसे संदेशों वाले बैनरों के साथ, उन्होंने नारे लगाए- बंद हो, बंद हो, पशु शोषण बंद हो। जानबर मरना नहीं चाहते, पशु कुर्बानी गलत है- पशु बलि गलत है; मांस खाना नहीं, हिंसा है। कुछ प्रदर्शनकारियों ने खुद को कुर्बानी चढ़ाए जा रहे जानवरों जैसा रंगा, उनकी गर्दनों पर लाल रंग लगाकर खून का प्रतीक बनाया।

इस प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य यह संदेश फैलाना है कि जानवरों की हत्या नैतिक रूप से गलत है और इसकी कोई आवश्यकता नहीं है, चाहे वह कुर्बानी के लिए हो, बलि के लिए हो, मांस, अंडे या दूध के लिए। एक कार्यकर्ता पिंकी शर्मा ने कहा, हम किसी त्योहार या धर्म को निशाना नहीं बना रहे। हम हर प्रकार के पशु शोषण के खिलाफ है, जिसे किसी भी तरह से उचित नहीं ठहराया जा सकता। हमारे अभियान और प्रदर्शन मांस, शहद, डेयरी, पशु परीक्षण और अन्ध्र कई शोषणों के खिलाफ हैं।

आम आलोचनाओं को संबोधित करते हुए एक आयोजक मंजिरी ने कहा, जब हम डेयरी उद्योग की बात करते हैं, तो कुछ हिंदू कहते हैं कि हम कुर्बानी पर नहीं बोलते। लेकिन सच्चाई यह है कि हर पशु उत्पाद में शोषण होता है। दूध हर धर्म का व्यक्ति पीता है। एक गलत कार्य किसी दूसरे गलत कार्य को सही नहीं बनाता। चाहे वह डेयरी हो, मांस, कुर्बानी, बलि या कोई और परंपरा जिसमें जानवरों का शोषण होता है, हम उसके खिलाफ हैं। हम चाहते हैं कि लोग समझें कि जानवर भी संवेदनशील प्राणी हैं जिन्हें दर्द महसूस होता है, ठीक हमारी तरह। अब समय आ गया है कि हम उनका शोषण बंद करें और उनके अधिकारों की लडाई लड़ें।

एक अन्ध कार्यकर्ता मोहिनी शर्मा ने कहा कि हमारा समाज हमें यह सोचने के लिए तैयार करता है कि जानवर हमारे उपभोग के लिए हैं, जो कि भेदभाव का एक रूप है जिसे प्रजातिवाद (speciesism) कहा जाता है। उन्होंने जोड़ा, हमें इसे खारिज करना होगा, उन्हें एक व्यक्ति के रूप में देखना होगा, न कि संसाधन के रूप में। प्रदर्शनकारियों का एकजुट संदेश स्पष्ट है- जानवरों को न्याय मिलना चाहिए, और उनके किसी भी उद्देश्य के लिए किए जाने वाले शोषण को अब खत्म होना चाहिए। **-कमल नयन नारंग**

## 9 जुलाई तक बढ़ी 26/11 के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा की न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। राणा की अगली कोर्ट पेशी 9 जुलाई को होनी है। इसका अर्थ है कि तहव्वुर राणा को अब 9 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में रहना होगा। शुक्रवार को सुरक्षा कारणों से उसे वर्चुअल मोड के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। राणा के वकील ने उसके स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई। दलीलों पर गौर करते हुए कोर्ट ने तिहाड़ के अधिकारियों को 9 जून तक मामले पर स्टेटस रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान राणा ने अपने परिवार से बातचीत करने की इच्छा जताई है। मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा ने परिवार से बातचीत के लिए कोर्ट में याचिका भी दायर की थी। राणा की इस अर्जी पर कोर्ट 9 जून को सुनवाई करेगा।

यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जन:।
स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते।।
श्रेष्ठ मनुष्य जो-जो आचरण करता है, दूसरे मनुष्य वैसा-वैसा ही आचरण करते हैं।
उनके द्वारा स्थापित आदर्शों का अनुसरण समस्त लोक द्वारा होता है।

श्रद्धांजलि



जन्म 15.07.1954 अवसान 27.05.2025

स्व. श्रीमती गोदावरी देवी अग्रवाल
(पति स्व.श्री भागवत प्रसाद अग्रवाल)

आपने अपना जीवन दूरदर्शिता से जिया, जो विनम्रता और करूणा से भरा था।
आपने हम सभी को पूर्णता पाने को प्रेरित किया, आपका हर कदम हमारे लिए प्रेरण था।
आपके मार्गदर्शन में हम आगे बढ़ सके, और अब हमें सांत्वना भी आपकी मधुर यादों में ही मिल सकेगी।

कार्यक्रम
दशगात्र 05-06-2025, दिन- गुरुवार (प्रयागराज में)
गंगा पूजन 07-06-2025, दिन- शनिवार (समय-शाम 4 बजे)
तेरहवीं शांतिभोज 08-06-2025, दिन- रविवार (समय-01 बजे से 07 बजे तक)
स्थान निज निवास भागवत कुंज, B 85 नियर जगन्नाथ मंदिर गायत्री नगर, अवंती विहार, रायपुर

शोकाकुल
सुशील सन्नी अग्रवाल (पुत्र), हर्ष अग्रवाल (पौत्र)
यश अग्रवाल (पौत्र), रियांश अग्रवाल (पौत्र)

Mo. 77720-77777, 88895-65750

भवदीय : समस्त अग्रवाल परिवार

## संक्षिप्त समाचार

### वार्ड भ्रमण में आयुक्त ने साफ-सफाई एवं निर्माण कार्य का किया निरीक्षण, मोतीपुर रेल्वे लाईन के किनारे नाला सफाई के दिये निर्देश



**राजनांदगांव ( विश्व परिवार )।** नगर निगम का वार्ड भ्रमण अभियान प्रतिदिन जारी है, भ्रमण में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा प्रात: साफ सफाई एवं वार्डो में चल रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण कर रहे है। निरीक्षण की कडी में आज उन्होने ममता नगर क्षेत्र में साफ सफाई एवं निर्माण कार्य का जायजा लेकर निर्माण में तेजी लाकर जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। आयुक्त श्री विश्वकर्मा 18 एकड़ एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर कचरा पृथककरण की जानकारी लेकर सेंटर में साफ सफाई तथा अन्य व्यवस्था सुचारू रूप से होने पर प्रसन्नता व्यक्त किये, उन्होने स्वच्छता दीदीयों से कहा कि घर में ही कचरा पृथक करने लोगो को समझाईस देवे एवं सत् प्रतिशत यूजर चार्ज वसूली करे। उन्होने ममता नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था देख सडक में मलमा व निर्माण समाग्री रखने पर मलमा मण्डप के तहत कार्यवाही करने कहा। इसके अलावा मोतीपुर रेल्वे लाईन के किनारे कचरा उठाने एवं नाला सफाई कराने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। आयुक्त श्री विश्वकर्मा विकास कार्यो के निरीक्षण में एसएलआरएम सेन्टर में पीठ निर्माण कार्य में तेजी लाकर बारिश के पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ममता नगर में उद्यान निर्माण का जायजा लेकर उद्यान के शेष कार्य जल्द पूर्ण करने कहा।

### बसंतपुर जिला चिकित्सालय के सामने लगे ठेला, झोपडी निगम का अतिक्रमण दस्ता ने हटाया



**राजनांदगांव ( विश्व परिवार )।** शहर में अतिक्रमण कर ठेला खोमचा एवं पसरा लगाने वालों को समझाईस देने व हटाने निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित दस्ता निरीक्षण कर समझाईस देकर हटाने की कार्यवाही कर रही है। अतिक्रमण दस्ता द्वारा आज बसंतपुर जिला चिकित्सालय के सामने से 5 ठेला एवं 2 झोपडी हटाया गया। शहर के चौक चौराहा एवं रोड में अतिक्रमण कर अनाधिकृत रूप से पसरा एवं ठेला खोमचा लगाकर व्यवसाय किया जाता है, जिससे यातायात बाधित होती है और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। जिसे ध्यान में रखकर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने निगम के भवन अधिकारी एवं अतिक्रमण दस्ता को अनाधिकृत पसरा हटाने तथा ठेला खोमचा वालों को व्यवस्थित लगाने समझाईस देने के निर्देश दिये। निर्देश के अनुक्रम में निगम का दस्ता कार्यवाही कर रही है।

## व्यापम द्वारा एडीईओ भर्ती परीक्षा 15 जून को, 7 हजार से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल

**कलेक्टर ने ऑब्जर्वर व केंद्राध्यक्ष की बैठक लेकर दिये जरुरी निर्देश**



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** व्यवसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ) भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन 15 जून 2025 को किया जाएगा।परीक्षा आयोजन हेतु जिले में कुल 26 केंद्र बनाए गये हैं जिसमें 7906 अभ्यर्थी शामिल होंगे।कलेक्टर दीपक सोनी ने शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में केन्द्राध्यक्ष एवं ऑब्जर्वरों की बैठक लेकर महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये।

कलेक्टर ने परीक्षा को संवेदनशील बताते हुए विशेष सतर्कता और सावधानी बरतने के निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट निर्देशित किया कि सभी परीक्षा के प्रोटोकाल का अनुपालन सुनिश्चित करें कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अनुचित साधनों के प्रयोग पर कड़ी मॉनिटरिंग करें। परीक्षा समय पर शुरू और समाप्त हो। अब तक की परीक्षाओं में सभी ने बेहतर कार्य किया है इस बार भी निष्ठापूर्वक कार्य करें।

बताया गया कि एडीईओ भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन प्रथम पाली में प्रात: 10 बजे से अपरान्ह 12 ¬15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा के लिए लिए जिले में 26 केंद्र बनाए गये हैं जिसमें शासकीय डी.के. महाविद्यालय बलौदाबाजार, मिनिमाता शासकीय कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार, पंडित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल बलौदाबाजार, पण्डित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी शासकीय कन्या हाई स्कूल बलौदाबाजार, एम डी व्ही हाई स्कूल बलौदाबाजार, गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय रिसदा, शासकीय हाई स्कूल सकरी,अहिल्या इंटरनेशनल स्कूल लाहोद, शासकीय ज़ीएनए कॉलेज भाटापारा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय भाटापारा, पंचम दीवान शासकीय कन्या हाई स्कूल भाटापारा, नगर पालिका कन्या हाई स्कूल भाटापारा, शासकीय बहु उद्देशीय हाई स्कूल भाटापारा,शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल रामसागरपारा भाटापारा,शासकीय बृजलाल वर्मा कॉलेज पलारी,स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय दाऊ विष्णु दत्त वर्मा हाई स्कूल पलारी,शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल अर्जुनी, शासकीय महाविद्यालय लवन, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल लवन,शासकीय डीआरएस कॉलेज कसडोल,स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम, गुरु घासीदास हायर सेकेण्डरी स्कूल कसडोल, मिनीमाता शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कसडोल, डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल कसडोल,शाश्वत हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार, गुरुकुल हायर सेकेण्डरी स्कूल भाटापारा शामिल है। बैठक में डिप्टी कलेक्टर अरुण सोनकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## निगम द्वारा आबंटित दुकानों का किराया नहीं पटाने वालो पर होगी कार्यवाही



**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** पूर्व विशेष क्षेत्र प्राधिकरण ;साडा द्वारा प्रमुख स्थलों पर दुकान, चबूतरा निर्माण करके उस समय के आवश्यकता के अनुसार आबंटन प्रक्रिया का पालन करते हुए दुकानें आबंटित की गई थी। यह दुकानें आकाश गंगा व्यावसायिक परिसर, सुपेला स्कूल के पास, चंद्रा मोर्या टाकिज के सामने सिरसा रोड, कोहका चौंक, नेहरू नगर, पावर हाउस सब्जी मंडी, उत्तर गंगोत्री, आकाशगंगा थोक सब्जी मंडी में लगभग 1000 से अधिक दुकानों एवं चबूतरो का निर्माण किया गया था। इसमें से प्रमुख रूप से आकाश गंगा प्रेस काम्पलेक्स, व्यवसायिक परिसर, नगर निगम आफिस के समीप स्थित दुकानें उनमें से वर्तमान में इंडियन बैंक भी संचालित हो रहा है। दुकान आवंटन करने का उददेश्य था कि उस समय के बेरोजगार लोगों को रोजगार प्रदान करने हेतु स्थान उपलब्ध कराना। जैसे-जैसे दुकानें निर्मित होती गई, उस समय के योजना के अनुसार दुकानें आबंटित की गई है।

प्रत्येक दुकानें अच्छे जगहों पर बनाई गई है। सभी दुकानों का अनुबंध के अनुसार प्रतिमाह किराया निर्धारित किया गया था। जो उस समय के बाजार की उपलब्धता एवं पैसे के मूल्य के हिसाब से किराया तय किया गया था। ?110, ?300, ?648 जो आज के वर्तमान परिपेक्ष्य में बहुत ही कम है। साथ में यह भी अनुबंध था कि प्रत्येक दुकान के किराये में 5 वर्ष बाद 10 प्रतिशत की वृद्वि करना था। कुछ दुकानदार ऐसे भी है, जो दुकान का किराया सन 1992 से जमा नहीं कर रहे हैं। कुछ लोग पुराने दर पर ही किराये की राशि अभी तक जमा कर रहे है। जब उनके द्वारा खरीदी-ब्रिकी या लीज नवीनीकरण करवाया जाता है, तब निगम के राजस्व विभाग द्वारा पूर्व राशि का गणना करके किराया लिया जा रहा है।

आज आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय राजस्व विभाग के राजस्व अधिकारी एवं संबंधित योजनाओं के कर्मचारियों को बुलाकर फाईलों का अवलोकन किये। प्रत्येक योजना की फाईल के निर्धारित नियम एवं शर्तो को पढ़ने के बाद उन्हे ज्ञात हुआ कि बरसों से दुकान का किराया लंबित है, इसका अंदेखी हो रहा था। उन्होने राजस्व अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारियों को तुरंत निर्देशित किए कि सभी को तत्काल नोटिस जारी किया जाये। इससे निगम को बहुत क्षति हो रही है।

## सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने के बाद महापौर निकली व्यवस्थापन के लिए विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण करने



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम।शहर में अवैध अतिक्रमण हटाने के बाद, अब शहर को व्यवस्थित करने और बाजार को और बेहतर ढंग से व्यवस्थित करने के लिए गुमटियाँ बनाने की तैयारी की जा रही है।

महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी देवनारायण चन्द्राकर, बाज़र विभाग प्रभारी, शेखर चन्द्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, काशीराम कोसरे, मनीष साहू, नीलेश अग्रवाल, कमल देवांगन, गुलाब वर्मा, संजय अग्रवाल, मनीष कोठारी, गुलशन साहू, बाजार अधिकारी शुभम गोइर के साथ शनिचरी बाज़र, नींबू लाइन और गंजपारा क्षेत्र का दौरा कर अतिक्रमण को हटाने के बाद, व्यपारियो को व्यवस्थित करने के लिए गुमटियाँ बनाने की योजना बनाई जा रही है।निगम प्रशासन द्वारा अतिक्रमण को हटाने के बाद, अब शहर के निगम प्रशासन ने सड़कों को चौड़ा करने और यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए व्यवस्थापन किया है।

महापौर बाघमार ने कहा इसके साथ ही, शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बाजार को व्यवस्थित करने के लिए गुमटियाँ बनाने की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि इन गुमटियों से न केवल बाजार को व्यवस्थित किया जा सकेगा बल्कि व्यापारियों को भी एक उचित स्थान मिलेगा।यह कदम कई तरह से फायदेमंद साबित होगा।सड़कों को चौड़ा करने और गुमटियाँ बनाने से शहर में व्यवस्था बढ़ेगी और यातायात सुचारू रूप से चलेगा। महापौर ने कहा 100 गुमटियां बनवाने की तैयारी के लिए अधिकारी को निर्देश कर दिया है।

## प्रकृति से जो पाया है उसे लौटाने का प्रयास है पौधा-रोपण

**सरोज पांडेय, गजेंद्र यादव व महापौर ने बोरसी मैदान में वृक्षारोपण कर पर्यावरण की शुरुवात**

**पर्यावरण दिवस पर साइकिल रैली निकालकर पर्यवारण संरक्षण और शहर को हरियाली की दिशा में संवारने हुए शामिल**



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** नगर निगम द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर राज्य शासन के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम से पर्यावरण एवं पृथ्वी के प्रति जागरूकता और संरक्षण के लिए आज महाराजा चौक से साइकिल रैली निकाली गई। मुख्य अतिथि भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पर्यावरण राष्ट्रीय प्रभारी सरोज पांडेय, विधायक गजेंद्र यादव, मेयर अल्का बाघमार, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, कमिश्नर सुमित अग्रवाल, सभापति श्याम शर्मा, प्रभारी काशीराम कोसरे और एमआईसी सदस्य, पार्षद हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली महाराजा चौक से प्रगति मैदान बोरसी में समापन किया गया।मेयर अलका बाघमार ने महाराजा चौक में साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पर्यावरण दिवस पर साइकिल रैली निकलकर पर्यवारण संरक्षण और शहर को हरियाली की दिशा में संवारने बडी संख्या में विधायक गजेंद्र यादव ने सभापति श्याम शर्मा बच्चो व पर्यावरण प्रेमियों के साथ सायकिल रैली में शामिल हुए।

प्रकृति से जो पाया है उसे लौटाने का प्रयास है पौधा-रोपण, आज प्रगति मैदान बोरसी में पौधरोपण कार्यक्रम भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, विधायक गजेंद्र यादव, मेयर अल्का बाघमार, कमिश्नर सुमित अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, सभापति श्याम शर्मा, प्रभारी काशीराम कोसरे और वार्ड पार्षद साजन जोसफ व एमआईसी द्वारा एक पेड़ मां के नाम से पर्यावरण एवं पृथ्वी के प्रति जागरूकता और संरक्षण के लिए नागरिको के साथ फलदार व छायादार पौधरोपण किया।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय ने कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए आज प्रगति मैदान में विभिन्न प्रकार के पर्यावरण को देखते हुई पौधरोपण किया। उन्होंने कहा की स्वच्छ बनाए रखने एवं प्रदूषण से बचाए रखने हेतु पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण करना बहुत आवश्यक है हमारे आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व हराभरा प्राकृति प्रदान करना हमारा कर्तव्य ही नहीं जिम्मेदारी है।उन्होंने कहा आम नागरिकों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने पर्यावरण दिवस मनाया जाता है।

विधयाक गजेंद्र यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण आवश्यक है।कहा कि बिगड़ते पर्यावरण से धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है। जिससे मानव जीवन जीव जंतु व पेड़ पौधे पर बुरा असर पड़ रहा है।उन्होंने कहा कि शास्त्रों में भी पौधारोपण को लाभकारी बताया गया है।

महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने कहा कि एक पेड़ सौ पुत्र के समान होता है।नतीजतन हर एक लोगों को कम से कम एक एक पौधा निश्चित रूप से लगाने क् अपील की।उन्होंने सभी को दिलाया संकल्प, उपस्थित लोगों को संकल्प दिलाते हुए कहा कि हम सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। ताकि पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।उन्होंने छात्र-छात्राओं व नगर वासियों को फलदार व छायादार वृक्ष लगाने की अपील की। सभापति श्याम शर्मा ने कहा कि यह केवल पौधारोपण नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों को एक स्वच्छ, हरित और सुंदर वातावरण सौंपने की दिशा में एक सशक्त कदम है।

प्रभारी काशीराम कोसरे ने कहा हमारे पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ लगाना बेहद जरूरी है।पेड़ लगाएं, जीवन बचाएं।इस अवसर पर एमआईसी सदस्य देवनारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, शेखर चन्द्राकर, लीना दिनेश देवांगन, मनीष साहू, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, नीलेश अग्रवाल, उषा टावरी, सरिता मिश्रा व पार्षद गण, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, वीपी मिश्रा, उद्यान प्रभारी अनिल सिंह मौजूद रहें।

## यज्ञ स्थल मे सत्संग भवन निर्माण का मंत्री टंकराम वर्मा ने किया भूमिपूजन



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** जिला मुख्यालय के हृदय स्थल दशहरा मैदान के समीप यज्ञ स्थल मे धर्म रक्षार्थ यज्ञ एवं जनसेवा समिति के सदस्यों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूर्ण करते हुए बलौदाबाजार विधायक एवं केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन टंकराम वर्मा ने सत्संग भवन निर्माण कराने का आश्वासन दिया था जिसे उन्होंने पूरा करते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया जिसका भूमिपूजन 6 जून शुक्रवार को उनके द्वारा सम्पन्न हुआ इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा एवं बलौदाबाजार नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन शामिल हुए। कार्यक्रम मे आए अतिथियों का स्वागत अभिनंदन यज्ञ समिति के सदस्यों द्वारा श्रीफल श्री रामनामी पट्टिका पुष्प गुच्छ भेंटकर किया गया।

यज्ञ समिति के संरक्षक एवं धर्माचार्य पं.द्वारिका प्रसाद शास्त्री ने भूमिपूजन विधि संरक्षक एवं यजमान अशोक कुमार तिवारी श्रीमती कमला देवी तिवारी से सम्पन्न कराई जिसमें संरक्षक श्यामसुंदर केशरवानी प्रमोद शुक्ला सचिव सपन केशरवानी कोषाध्यक्ष लक्षमेंद्र अग्रवाल व्यवस्थापक शिवप्रकाश तिवारी सदस्यगण अभिषेक तिवारी, हेमन्त वर्मा, वासुदेव ठाकुर, गजेंद्र देवांगन, आयुष बरनवाल, नवनीत अग्रवाल, गार्गीशंकर बाजपेयी, दीप बाजपेयी, महेश ठाकुर, विनय गुप्ता, कृष्णानंद अग्रवाल, सुंदर साहू, नीलम दीक्षित, योगेश शुक्ला पीयूष मिश्रा, अरविंद मिश्रा,श्याम शुक्ला अध्यक्ष ब्राह्मण समाज ,खोडष राम कश्यप केंद्रीय अध्यक्ष क्षत्रिय मनवा कुर्मी समाज, टेशुलाल धुरंधर अध्यक्ष भारतमाता सेवा ट्रष्ट, सोनचंद स्मृति फाउंडेशन के संयोजक पुष्पराज वर्मा, भारतीय जनता पार्टी के विजय केशरवानी योगेश अग्रवाल संकेत शुक्ला चित्तावर जायसवाल रवि वर्मा हरिशचंद्र वर्मा गणेश जायसवाल धीरज बाजपेयी, राकेश ध्रुव नीलम सोनी सुनीता वर्मा सरिता मार्के विहिप बजरंग दल सदस्य दिनेश यादव खिलावन पटेल दिपेश पंजवानी भूपेंद्र यादव दुर्गेश साहू आदि बड़ी संख्या मे नागरिक एवं वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

यज्ञ स्थल मे हो रहे निर्माण कार्य को लेकर यज्ञ समिति के सदस्यों तथा धर्मप्रेमियों मे खासा उत्साह है समिति के सदस्य अभिषेक तिवारी ने अवगत कराया कि यज्ञ स्थल पर विगत पाँच वर्षों से नगरवासियों, राइस मिलर्स और व्यापारियों के उदार सहयोग से ग्यारह दिवसीय महायज्ञ का गरिमामय आयोजन किया जाता रहा है। इसमें स्थानीय के साथ-साथ राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार भी अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। यज्ञ मंडप का निर्माण समिति के सौजन्य से हुआ है। यज्ञ समिति के सदस्यों द्वारा कैबिनेट मंत्री श्री टंकराम वर्मा जी के समक्ष सत्संग भवन की चिरलंबित आवश्यकता रखी गई थी, जिसकी पूर्ति आज हो रही है। भविष्य में धार्मिक कर्मकांड अनुष्ठान इत्यादि संपन्न कराने वालों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए यज्ञ स्थल को सर्वसुविधायुक्त सुंदर और हरा-भरा स्वरूप प्रदान करने की योजना है।

## हुड़को के पुराने सीवरेज सिस्टम को ठीक किया जाएगा



**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 05 वार्ड क्रं. 69 एवं 70 हुड़को में बरसो से पुराने सीवरेज सिस्टम के समस्या को दूर किया जाएगा। नये सिवरेज सिस्टम का निर्माण किया जायेगा। जिसका एजेंसी के द्वारा सतही स्तर पर ड्राईंग बनवा लिया गया है, उसी के आधार पर निर्माण होगा। वहां अधिकांश लोग सीवरेज सिस्टम के ऊपर मकान, गार्डन, फर्सीकरण करके सीवरेज सिस्टम को ब्लॉक कर दिये हैं। जिसके कारण वहां पर निस्तारी के पानी में निकासी की समस्या आ रही है। यह मकान भिलाई स्टील प्लांट के भूखण्ड पर हुड़को द्वारा बनाया गया था, जिसको भिलाई स्टील प्लांट में काम करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा खरीदा गया था। संयंत्र द्वारा उन्हे नियमानुसार हाउस लोन भी प्रदान किया गया था। वर्तमान स्थिति अनुसार ज्यादातर घरों में वरिष्ठ नागरिक निवासरत है, युवा वर्ग अन्य जगहों पर कार्य कर रहे है।

आज आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता के साथ हुड़को क्षेत्र के सीवरेज सिस्टम, नाले की सफाई, बारिश के पानी की निकासी, उद्यान का अवलोकन करने पहुंचे। स्थानीय नागरिकों द्वारा वहां की समस्याओं के बारे में आयुक्त को बताया कि हम लोग बहुत परेशान हो रहे है। आवश्यकताओं को देखते हुए निगम के महापौर परिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्ताव आया था, जिसकी चर्चा पश्चात लगभग 18 करोड़ रूपये का सीवरेज सिस्टम हेतु प्रास्ताव पारित कर शासन को राशि सुकृत करने के लिए भेजा गया था। स्थानीय नागरिकों द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि कुछ लोग अपनी सुविधा अनुसार सीवरेज सिस्टम के उपर पीछे के तरफ अवैध कब्जा करके निर्माण कर लिए है। उनके कारण बाकि लोग परेशानी उठा रहे है। ऐसे सभी निर्माण को तोड़ा जाए जिससे नाली की सफाई अच्छी तरह से हो सके। आयुक्त पाण्डेय ने कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह को शासन स्तर पर पुन: स्मरण पत्र प्रेषित करने को कहा। जोन के प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम को अतिक्रमणकर्ताओ को नोटिस देने के लिए निर्देशित किये है। सभी को नोटिस देकर स्वयं से कब्जा हटाने के लिए 15 दिवस का समय दिया जावें।

**कार्यालय नगर पालिक निगम (राजस्व), रायपुर (छ.ग.)**
**नगर निगम, मुख्यालय, नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक रायपुर**

पत्र क्र./475/ जोन क्रं.- 04/न.पा.नि./ 2025 — रायपुर दिनांक 06.06.25

**अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI)**

--000--

नेताजी सुभाष स्टेडियम प्रबंधन सोसायटी के द्वारा नेताजी सुभाष स्टेडियम परिसर में निर्मित निम्नानुसार प्रथम तल में कक्षों में निर्धारित खेलों हेतु इच्छुक संघ / अनुभवी संस्थाओं से सीलबंद आवेदन दिनांक 23/06/25 को अपरान्ह 4:00 बजे तक रजिस्टर्ड पोस्ट/ स्पीड पोस्ट से आमंत्रित किये जाते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी एवं नियम शर्तें नगर निगम के मुख्यालय भवन योजना शाखा से प्राप्त किये जा सकते हैं। आवेदनकर्ता को अपने आवेदन के साथ अपना वित्तीय ऑफर निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना होगा। कक्षों का आबंटन अनुमति अधिकतम 3 वर्ष हेतु दी जायेंगी।

| क्र. | तल | अनुमानित क्षेत्रफल | प्रतिमाह किराया राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रथमतल (कक्ष क्रं.-12) | 106.26 वर्ग मी. | 11850 |
| 2. | प्रथमतल (कक्ष क्रं.-16) | | 5200 |
| 3. | प्रथमतल (कक्ष क्रं.-25) | | 5200 |

किसी भी EOI का स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार जोन आयुक्त जोन क्रमांक-04 नगर पालिक निगम, रायपुर के पास सुरक्षित होगा।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को दवें

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्रमांक-04**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन,**
**व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

**आम-सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **कबीर नगर कॉलोनी,** रायपुर में निर्मित **एम.आई.जी. डुफ्लेक्स** भवन योजना के अंतर्गत, भवनों में से भवन क्रमांक **एम.आई.जी. डुफ्लेक्स -189 फेस-4 श्री विनोद कुमार सचदेव पिता श्री स्व. देवीदयाल सचदेव** को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक **18.04.22** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक **26.05.25** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन **श्रीमती शोभा अजय पति श्री अजय टी.जी.** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के **15 दिन** के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

**न्यायालय तहसीलदार तहसील पिपरिया, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**
**ई-कोर्ट क्रमांक 202504060600017/ अ-6/वर्ष 2025-26**
**ग्राम - गुढा प0ह0नं0-21**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक **डोमन साहू पिता-लतेल साहू निवासी ग्राम गुढा तहसील पिपरिया, जिला-कबीरधाम ( छ.ग. )** द्वारा अपने नाम स्वामित्व एवं अधिपत्य की **भूमि ग्राम गुढा में खसरा नंबर 268/3 रकबा 0.259 हेक्टेयर** भूमि दर्ज है। उक्त भूमि **ऑनलाईन में खसरा नंबर 268/3 रकबा 0.202 हेक्टेयर** त्रुटिपूर्ण प्रदर्शित हो रहा है। आवेदक द्वारा **वर्णित खसरा के रकबा संशोधन कर 0.259 हेक्टेयर भूमि** अपने नाम पर दर्ज कर ऑनलाईन दुरुस्ती कराने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अत: आप उपरोक्त आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर मेरे समक्ष लिखित रूप से पेशी तारीख तक प्रस्तुत कर सकते हैं। **नियत तिथि 29/05/2025** के पश्चात् के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक **08/05/2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**न्यायालय नायब तहसीलदार पिपरिया**

# मोर गांव मोर पानी अभियान अंतर्गत जिला पंचायत सीईओ द्वारा श्रमदान एवं विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )-** जिला पंचायत सूरजपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जनपद पंचायत प्रेमनगर के विभिन्न ग्रामों में ''मोर गांव मोर पानी'' अभियान के अंतर्गत श्रमदान एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया। अभियान के तहत ग्राम पंचायत बकिरमा स्थित कोकमा नाला में सफाई एवं जीर्णोद्धार कार्य में मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा स्वयं श्रमदान किया गया।

उक्त अवसर पर ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व को समझाते हुए जल स्रोतों के पुनर्जीवन में समुदाय की भागीदारी को आवश्यक बताया गया। ''मोर गांव मोर पानी'' अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता लाना एवं पारंपरिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित कर जल उपलब्धता सुनिश्चित करना है।




**मनरेगा के अंतर्गत निर्माण कार्यों का निरीक्षण** - इसके पश्चात मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत केदारपुर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत निर्मित मिट्टी बांध का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए तथा कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए।

निरीक्षण के दौरान ग्राम के कृषक श्री ठाकुर/लबदु द्वारा मिट्टी बांध के जल से एफआर.ए. पट्टे की भूमि पर की गई तरबूज की खेती की जानकारी दी गई, जिसे सीईओ द्वारा नवाचारात्मक एवं प्रेरणास्पद बताया गया। उन्होंने कृषक के प्रयासों की सराहना करते हुए अन्य किसानों को भी इस प्रकार की कृषि अपनाने हेतु प्रेरित किया।

साथ ही कृषक द्वारा किए जा रहे सुअर पालन को देखकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा कृषक को सुअर शेड की स्वीकृति दिए जाने का आश्वासन प्रदान किया गया, जिससे ग्रामीणों को स्वरोजगार के अवसर मिल सकें।

**प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत चौपाल एवं निरीक्षण** - इसके उपरांत ग्राम पंचायत नावापाराकला में आवास चौपाल का आयोजन कर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने हितग्राहियों से संवाद कर निर्माण की प्रगति की जानकारी ली एवं सभी हितग्राहियों को निर्धारित समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर सीईओ जनपद पंचायत प्रेमनगर, एपीओ (मनरेगा), एसडीओ आरईएस, पीओ मनरेगा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, एनआरएलएम की महिला स्व-सहायता समूह की सदस्याएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देते हुए शासन की प्राथमिकताओं से अवगत कराया गया एवं सभी से सक्रिय भागीदारी की अपील की गई।

# सूरजपुर पुलिस ने जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों को दिया नवीन आपराधिक कानूनों की बारीकियों का प्रशिक्षण

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** नवीन आपराधिक कानूनों की ज्ञान जितनी अधिक होगी उतना ही बेहतर कार्य संपादित किया जा सकेगा। प्रशासन के सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को नवीन आपराधिक कानूनों की बारीकियों से प्रशिक्षित करने सूरजपुर पुलिस के द्वारा 05 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय ऑडिटोरियम भवन में जारी है।

शुक्रवार, 06 जून 2025 को प्रशिक्षण सत्र के दौरान डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि पुलिस और प्रशासन को नवीन आपराधिक कानूनों की पूर्ण जानकारी होना बेहद जरूरी है। कानूनों के प्रशिक्षण से हम पीड़ितों की मदद् करने के साथ ही आपराधिक कृत्य वाले व्यक्ति को सजा दिला पायेंगे। उन्होंने नवीन आपराधिक कानून बीएनएस, बीएनएसएस, बीएसए के प्रमुख बिन्दुओं के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि हर किसी को सदैव




सीखते और पढ़ते रहना चाहिए ऐसा करते रहने से नए जानकारियों से अपडेट रहेंगे और कार्य में दिक्कत नहीं आयेगी। कार्यवाहियों के दौरान त्रुटियों से बचने, साक्ष्य संकलन की सावधानियों, फोटोग्राफी-विडियोग्राफी की उपयोगिता, विडियों कान्फ्रेंसिंग से गवाही कराने सहित डिजिटल साक्ष्य के बारे में विस्तार से बताया। प्रशिक्षण में मास्टर्स ट्रेनर एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, डीएसपी रितेश चौधरी, एसआई विराट विशि, एएसआई सुनील भारती ने नवीन कानूनों, अपराध विवेचना एवं नए बदलाव के बारे में विस्तार से बताया। इस प्रशिक्षण में एसडीएम भैयाथान सागर सिंह, एसडीएम प्रतापपुर ललित भगत, तहसीलदार लटोरी, प्रशासनिक व पुलिस के अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में ली प्रेसवार्ता

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** -कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में प्रेस वार्ता ली। इस अवसर पर मीडिया के प्रतिनिधि, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती वर्मा, डीएमसी शशिकांत, एस.एन चौबे सहायक परियोजना




समन्वयक व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। प्रेस वार्ता में युक्तियुक्तकरण के संबंध में जिले में चल रही गतिविधि के संबंध में कलेक्टर ने प्रकाश डाला एवं वर्तमान वस्तुस्थिति से पत्रकार बंधुओं को अवगत कराया। एस.एन चौबे सहायक परियोजना समन्वयक द्वारा युक्तियुक्तकरण की सम्पूर्ण जानकारी उपस्थित पत्रकार बंधुओं को उपलब्ध कराई। इसके साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सूरजपुर जिले में ई संवर्ग के 39 एवं टी संवर्ग के 239 कुल 278 स्कूलों का युक्तियुक्तकरण किया गया है। जिले में युक्तियुक्तकरण के तहत कुल 956 अतिशेष शिक्षकों की संख्या है, जिन्हें काउंसलिंग उपरांत रिक्त पद वाले विद्यालयों में पदस्थ किया जा रहा है। जिले के दुरस्थ विकासखण्ड ओड़गी में 69 प्रा.शा. एकल शिक्षकीय एवं प्रेमनगर में 06 प्रा.शा. शिक्षक विहीन स्कूल थे। जहां शिक्षक अध्यापन कार्य हेतु युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत भेजे गये है।

# दर्री पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 3910 किलोग्राम अवैध लोहे का कबाड़ और वाहन जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** दर्री पुलिस ने बीती रात गश्त के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए 3910 किलोग्राम अवैध लोहे का कबाड़ और एक टाटा पिक-अप वाहन (छ्त्12 क्र॥ 9123) को जब्त किया है। इस दौरान दो आरोपियों को भी हिरासत में लिया गया है, जो कबाड़ ले जाते समय किसी वैध दस्तावेज को प्रस्तुत नहीं कर पाए। पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नितीश ठाकुर के निर्देशन में दर्री पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई। दर्री डैम के पास संदेहास्पद रूप से जा रहे पिक-अप वाहन को रोका गया। पूछताछ के दौरान चालक विकास टंडन कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। उसके पास न तो कबाड़ का कोई दस्तावेज था और न ही वाहन या ड्राइविंग लाइसेंस।

कानूनी कार्रवाई: उक्त अवैध कबाड़ को धारा 106(1) बीएनएसएस के तहत ज़ब्त कर इस्तगासा तैयार किया गया है और आगे की जांच जारी है।

कर्मियों की भूमिका सराहनीय रही:

इस सफल कार्रवाई में निरीक्षक ललित कुमार चंद्रा, प्रधान आरक्षक उदय कुमार सिंह, आरक्षक सरोज साहू, सतीश मरकाम एवं आशीष महादेवा की प्रमुख भूमिका रही।

गिरफ्तार आरोपियों के नाम: विकास टंडन, पिता- देवप्रकाश टंडन, उम्र 20 वर्ष, निवासी नीलगिरी बस्ती, दर्री थाना, जिला कोरबा।

बुधवार मंझवार, पिता- स्व. कमलसाय मंझवार, उम्र 42 वर्ष।

# कला केन्द्र में समर कैम्प का हुआ भव्य समापन, बच्चों ने किया अपना कला का प्रदर्शन

गोपाल सिंह विद्रोही

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**कला केंद्र बड़का पारा में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समर कैम्प का आयोजन किया गया था, जिसकी शुरुआत 01 मई को हुई थी। इस कैम्प का समापन विगत दिवस कलेक्टर एस. जयवर्धन की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। समापन समारोह के अवसर पर समर कैम्प में प्रतिभाग करने वाले बच्चों ने नृत्य, चित्रकला, ताइक्वांडो, गायन, पियानो आदि विधाओं में अपने प्रदर्शन से सभी उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों की प्रस्तुति ने दर्शकों से खूब सराहना बटोरी और समर कैंप की उपयोगिता को सिद्ध किया।



इस अवसर पर कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के



साथ-साथ अतिरिक्त पाठ्यक्रम गतिविधियों में भागीदारी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इससे न केवल उनकी व्यक्तित्व में निखार आता है बल्कि यह शैक्षणिक प्रदर्शन को भी बेहतर बनाता है।

गौरतलब है कि इस समर कैम्प के माध्यम से बच्चों ने छुट्टियों के समय का रचनात्मक उपयोग करते हुए विभिन्न कलाओं में प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर अभिभावकों और नागरिकों की उपस्थिति से कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण रहा। कार्यक्रम में आदिवासी विकास विभाग सहायक आयुक्त श्री घनशयाम कुमार, कला केन्द्र संचालक श्री दीपक वर्मन व कला केन्द्र के अन्य सदस्य व बच्चों के पालक उपस्थित थे।

# एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने सूरजपुर पुलिस प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का किया शुभारंभ





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** डीआईजी व एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुलिस लाइन पर्री में सूरजपुर पुलिस प्रीमियर लीग रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन गुरूवार, 05 जून 2025 को किया। उद्घाटन कार्यक्रम में डीआईजी/एसएसपी ने कहा कि इस प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी को बेहतर टीमवर्क से जोड़ना और शारीरिक व मानसिक फिटनेश को बनाए रखना है।

उन्होंने कहा कि यह आईपीएल की तर्ज पर सूरजपुर पुलिस प्रीमियर लीग (एसपीपीएल) क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई है जिसमें पुलिस अनुभाग अन्तर्गत आने वाले थानों में पदस्थ अधिकारी व जवानों की टीम क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग ले रही है। पुलिस अधिकारी-कर्मचारी लगातार ड्यूटी में डटे रहते है ऐसे में उन्हें रिलेक्स देने का यह एक मजबूत जरिया है। खेलकूद से उनका मानसिक तनाव दूर होगा साथ ही पुलिस जवानों के शारीरिक व मानसिक फिटनेश को बरकरार रखने को लेकर भी इस प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया है। प्रतियोगिता का पहला मैच प्रतापपुर पैंथर्स व होमगार्ड होक्स के मध्य खेला गया। इसमें प्रतापपुर पैंथर्स ने होमगार्ड होक्स को 18 रनों से पराजित किया। इस रोमाचंक मैच को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। इस प्रतियोगिता को लेकर रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी ने व्यापक त्यौहारी कराई और सभी मैच दुधियां रौशनी में खेली जा रही है। क्रिकेट टीम में डीएसपी स्तर से लेकर आरक्षकगण शामील है। यह सूरजपुर पुलिस का सराहनीय कदम है जो इस प्रकार के टूर्नामेंट का आयोजन कर रही है। इस दौरान सीएसपी एस.एस.पैंकरा, एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा, एसडीओपी प्रतापपुर सौरभ उईके, पुलिस के अधिकारी व जवान, पुलिस के परिजन सहित काफी संख्या में नागरिकगण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पर्यावरण के रक्षार्थ पौधे लगाना व उन्हें बचाना सभी की जिम्मेदारी है - प्राचार्य




**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट (हिंदी माध्यम) शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केतका के परिसर में पौधा रोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ । कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य जे0 आर0 शांडिल्य के अतिथि में संपन्न हुआ । इस अवसर पर पौधा रोपण कर प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण के खिलाफ ग्रामीणों को जागरूक किया गया । इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम प्लास्टिक प्रदूषण का अंत करना रखा गया है । कार्यक्रम में ग्राम केतका के उप सरपंच के द्वारा भी पौधा रोपण किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्याता दिनेश सिंह ने कहा कि पौधे लगाना ही नहीं उन्हें बचाना भी आवश्यक है । प्राचार्य जे0 आर0 शांडिल्य ने बताया कि हर साल लाखों टन प्लास्टिक कचरा निकलता है यह नदियों, समुद्र और हवा में मिलकर लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डालता है , क्योंकि प्लास्टिक नष्ट नहीं होता अत: उसका उपयोग न किया जाए तो ही बेहतर है । व्याख्याता प्रदीप त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी की जिम्मेदारी है कि वह पर्यावरण की रक्षा में भागीदारी निभाई , उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पौधा लगा कर उसे वृक्ष तैयार करना और उनका संरक्षण करना जरूरी है यह दिन केवल पौधा रोपण का नहीं है बल्कि पर्यावरणीय समस्याओं के प्रति जागरूकता फैलाने का भी है । शाला विकास समिति के अध्यक्ष के द्वारा लोगों से आसपास की सफाई बनाए रखने की अपील की और ज्यादा से ज्यादा पौधा लगाकर उसका संरक्षण करने के भी सलाह दी गई । इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष एवं सभी सदस्य तथा ग्राम पंचायत केतका के उपसरपंच जी के द्वारा पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया गया । उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हर नागरिक से एक पेड़ लगाने और उसका संरक्षण करने की अपील की और साथ ही कहा कि पर्यावरण संरक्षण सिर्फ सरकार का ही नहीं अपितु हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है । इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक- शिक्षिकाएं , शाला विकास समिति अध्यक्ष और सभी सदस्य तथा ग्राम पंचायत केतका के उपसरपंच श्री बाबूलाल जी सहित अभिभावकगण उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता प्रदीप त्रिपाठी और आभार व्यक्त प्राचार्य के द्वारा किया गया ।

### खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने 100 सैंपल जांच के लिए रायपुर भेजा

**कोरबा।** खाद्य पदार्थों में मिलावट को रोकने और लोक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए कोरबा जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। इस वर्ष विभाग ने समोसा, मिठाई, दाल, तेल जैसी 100 खाद्य सामग्रियों के सैंपल लेकर जांच के लिए रायपुर भेजे हैं। साथ ही, बिना लाइसेंस के संचालित 8 संस्थानों के खिलाफ कोर्ट में प्रकरण दर्ज किए गए हैं। विभाग ने बताया कि दो और प्रकरण जल्द ही कोर्ट में पेश किए जाएंगे। खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में कोरबा जिला छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान पर है, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह 115वें स्थान पर है। नए नियमों के तहत खाद्य सामग्री के अमानक पाए जाने पर जुर्माने की राशि को 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया गया है। बिना लाइसेंस के कारोबार करने वालों के लिए जुर्माना 10 लाख रुपये तक बढ़ाया गया है। विशेष रूप से, असुरक्षित (अनसेफ) खाद्य सामग्री परोसने वाले संस्थानों पर 5 लाख रुपये जुर्माने के साथ 6 माह की कैद का प्रावधान रखा गया है, जो एकमात्र श्रेणी है जिसमें कारावास की सजा बरकरार है। अन्य श्रेणियों में कारावास के प्रावधान को हटाकर जुर्माने की राशि बढ़ाई गई है। विभाग के अनुसार, सुपरमार्केट से लेकर फुटपाथ के स्ट्रीट वेंडर्स तक, सभी खाद्य सामग्री के व्यापारियों के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है। कोरबा में लगभग 700 वेंडर्स रजिस्टर्ड हैं। समय-समय पर विभाग द्वारा सैंपलिंग और जांच की जाती है, जिसके बाद सैंपल लैब में परीक्षण के लिए भेजे जाते हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर स्टैंडर्ड, मिसब्रांड, अनसेफ और बिना लाइसेंस जैसी चार श्रेणियों में कार्रवाई की जाती है। अनसेफ श्रेणी को सबसे गंभीर माना जाता है,

## संक्षिप्त समाचार

### विचित्र बातें प्रणेता सर्वार्थ सागर जी महाराज ने कहा- समय बदलते देर नहीं लगता



**भोपाल ( विश्व परिवार )।** भोपाल पंचकल्याणक में विचित्र बाते प्रणेता मुनि श्री सर्वार्थ सागर जी महाराज ने कहा कि खिला फूल भी मुरझाता है और बंद कली भी खिलती देखी जाती है। समय बदलते देर नहीं लगती। बंधुओं, ये पंक्तियाँ सिर्फ कविता नहीं हैं, ये जीवन का सच हैं। इस धरती पर कुछ भी स्थायी नहीं है– न सफलता, न असफलता; न दुःख, न सुख। एक पल जो हमें तोड़ता है, अगला वही हमें जोड़ सकता है। जब कोई फूल मुरझाता है, हम दुखी हो जाते हैं, लेकिन क्या हमने कभी सोचा कि उसी पौधे पर नई कली फिर से मुस्कुराने को तैयार होती है? तो अगर आज आप थके हैं, टूटे हैं, निराश हैं – याद रखिए, आप मुरझाए हैं, लेकिन खत्म नहीं हुए। मुश्किल वक्त आने का मतलब ये नहीं कि आप हार गए हैं, इसका मतलब है– बदलाव आ रहा है। जैसे बंद कली को खिलने के लिए समय चाहिए होता है, वैसे ही हर इंसान के जीवन में वो खिलने का वक्त आता है। मगर शर्त सिर्फ एक है– आप विश्वास बनाए रखें। कोई भी बीज खुद को मिट्टी में दबने देता है, अंधेरे में सड़ता है, लेकिन अंदर एक विश्वास पलता है कि मैं अंकुर बनूंगा और एक दिन आसमान छू लूंगा। तो अगर आज हालात आपके पक्ष में नहीं हैं, तो घबराइए मत। मुरझाना जरूरी है, क्योंकि वो ही तो हमें सिखाता है कि खिलना कितना कीमती है। विचित्र बाते प्रणेता सर्वार्थ सागर महाराज जी कहते हैं कि बस एक बात याद रखिए– वक्त बदलने में देर नहीं लगती, लेकिन बदलते वक्त में टिके रहने वाला ही जीतता है। –**अभिषेक अशोक पाटील**

### राज्यपाल रमेन डेका ने मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान और दी 5-5 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज यहां राजभवन में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इस वर्ष आयोजित 10वीं बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक लेकर प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले सरस्वती शिक्षा संस्थान के विद्यार्थियों ने मुलाकात की। श्री डेका ने सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। साथ ही पांच-पांच हजार रूपये की अनुदान राशि प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की। इस अवसर पर श्री डेका ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया और कहा कि बच्चों के सामने बेहतर भविष्य है। वे अच्छे से अध्ययन करें और देश की सेवा करें। आज के दौर में बहुत प्रतिस्पर्धा है। इसलिए हर क्षेत्र में विकल्प रखना चाहिए। कैरियर के लिए बहुत संभावनाएं हैं। जो भी करें उसे उत्तम करने का प्रयास करें। श्री डेका ने कहा कि पालक और बच्चों के बीच में अच्छा संबंध होने चाहिए। अपने माता-पिता एवं परिवारजनों के साथ आनंद पूर्वक रहें।

# मोक्षकल्याणक के साथ श्री विद्याप्रमाण गुरुकुलम् में चल रहे पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव का समापन, अवधपुरी में किया रथयात्रा का आयोजन




**अवधपुरी/भोपाल ( विश्व परिवार )।** यहां पर विगत पांच दिनों से 1008 भगवान आदिनाथ जिन विंव पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव श्री विद्याप्रमाण गुरुकुलम् अवधपुरी में संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव विद्यासागरजी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज एवं मुनि श्री संधान सागर महाराज स संघ सानिध्य में चल रहा था उसका आज अनिवर्चनीय आनंद के साथ समापन हो गया मुनिसंघ के प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया कार्यक्रम स्थल श्री विद्याप्रमाण गुरुकुलम् से विशाल रथ यात्रा निकाली गई जो कि समन्वय नगर होते हुये वापिस आई इस रथ यात्रा में आगे आगे जैन ध्वज तथा पीछे पीछे मस्तक पर प्रतिष्ठा प्राप्त भगवान को मस्तक पर रखकर शुद्ध वस्त्रों के साथ श्रद्धालु चल रहे थे उसके पश्चात दो विमान जी में श्री जी को विराजमान कर कांधे पर उठाये शुद्ध वस्त्रों में श्रद्दालु चल रहे थे आगे आगे दो कृत्रिम सफेद ऐरावत हाथी थे इस अवसर पर मुनि श्री ने कहा कि यह एक अनिवर्चनीय आनंद का उत्सव है जो हमारे अंदर नई चेतना का संचार करता है मुनि श्री ने कहा कि अवधपुरी की पुण्य भूमि पर वह अविस्मरणीय क्षण सकार हुआ जब श्री विद्याप्रमाण गुरुकुलम् में पंचकल्याणक महामहोत्सव का अंतिम दिवस प्रभु का निर्वाण कल्याणक अनुष्ठान पूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुनि श्री ने कहा कि भले ही आज मोक्ष नहीं है लेकिन हमें मोक्षमार्ग मिला हे उन्होंने कहा कि अभी हमारा प्रयोजन पूर्ण नहीं हुआ प्रारंभ हुआ है,यह पंचकल्याणक केवल धार्मिक आयोजन नहीं वल्की सेवा समर्पण और साधना का प्रेरणास्त्रोत वन गया है यह भूमी अब केवल अवधपुरी नहीं,पुण्यपुरी बन गई है,जो आत्मोन्नति की परंपरा की वाहक बनेगी।

मुनि श्री ने पुनः स्पस्ट किया मोक्ष भले ही अभी नहीं मिला हो पर मोक्ष मार्ग तो हमें मिल ही गया है वस अब उसी अनुराग को बड़ाना है और संसार के राग को घटाना है आज से हर व्यक्ति यह संकल्प करे कि वह जीवन में मोक्ष की ओर अग्रसर होगा। मुनि श्री ने प्रशासनिक अधिकारियों के सात समस्त भेल क्षेत्र के विभिन्न मंदिर कमेटिओं जिसमें अयोध्या नगर,वायपास, सोनागिरि, पिपलानी,सिद्धार्थ लेक सिटी,बाग सेवनिया, साकेतनगर, का उत्साह पूर्ण सहयोग रहा रथयात्रा में जन जन की भक्ती ने इस आयोजन को पुण्य की जीवंत परंपरा बना दिया उन्होंने विद्याप्रमाण गुरुकुलम् की पूरी टीम जिसमें आयोजन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र टोंग्या,अजय जैनको, सुमनकांत, राजू भाई,राकेश जैन, महावीर सिंघई, सुवोध जैन,(नगर निगम) राजेशभारिल्ल,सुनील जैन 501आदि कार्यकर्ताओं को आशीर्वाद देते हुये कहा कि अभी तो यह कार्य की शुरुआत है अभी तो आप लोगों को इस कार्य को बहूत बड़ी ऊंचाइयों तक ले जाना है। मुनि श्री ने सभी प्रतिष्ठाचार्य अशोक भैया तथा अभय भैया,पारस भैया के साथ उनकी पूरी टीम अमित भैया,पं सुदर्शन जी,विकल शास्त्री,प्रवक्ता अविनाश जैन को आशीर्वाद प्रदान करते हुये कार्यक्रम में सम्मलित सभी पात्रों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। –**अविनाश जैन**

# अहिंसा परमो धर्म-जीवदया प्रत्यर्थ सकल जैन समाज द्वारा नवकार महामंत्र का जाप

### जिनकी चीखें कोई नही सुनता, उनके लिए हमारी साधना, जाप ही सबसे बड़ी सेवा है



**दादाबाड़ी ( विश्व परिवार )।** जैन धर्म के सभी तीर्थंकरों ने अहिंसा परमो धर्म, करुणा, सभी जीवों के प्रति दया भाव से जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त किया है। भगवान महावीर स्वामी ने जियो और जीने दो का संदेश विश्व को दिया जोकि वर्तमान में भी विश्वशांति के लिए प्रासंगिक है। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट, भैरव सोसायटी के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि 7 जून को सातवें तीर्थंकर श्री सुपार्श्वनाथ जी का जन्मकल्याणक दिवस है।इस अवसर पर विश्वपटल पर पशुओं के प्रति हो रही हिंसा के मद्देनजर अहिंसा करुणा दया व जियो और जीने दो के भावों के साथ 7 नवकार महामंत्र का जाप किया जावेगा। महेन्द्र कोचर ने आगे कहा कि नवकार महामंत्र का जाप समस्त विपत्तियों से रक्षा करने वाला मंत्र है, सकल जैन समाज से आव्हान है कि जगत के समस्त जीवों के प्रति अभयदान के शुद्ध भावों से 7 बार नवकार महामंत्र का जाप अवश्य करें। जिनकी चीखें कोई नही सुनता, उनके लिए हमारी साधना, जाप ही सबसे बड़ी सेवा है।

# छत्तीसगढ़ चेंबर एवं रायपुर परिवहन विभाग के तत्वाधान में HSRP नंबर प्लेट शिविर का हुआ सफल आयोजन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं रायपुर परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में मालवीय रोड़ व्यापारी संघ एवं श्री दिगम्बर जैन पंचायत ट्रस्ट मालवीय रोड के सहयोग से आयोजित HSRP नंबर प्लेट के लिए दो दिवसीय शिविर का आयोजन दिनांक 05/06/2025 से 06/06/2025 विद्यासागर हॉल श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर मालवीय रोड रायपुर में समस्त व्यापारियों एवं आसपास के वार्ड वासियों की सुविधा के लिए किया गया जिसमें लगभग 350 गाड़ियों के ॥स्त्रक्रनंबर प्लेट के लिए रजिस्ट्रेशन दुपहिया वाहन का 365/– और चारपहिया वाहन का 656/– चार्ज ऑनलाइन निर्धारित शुल्क में किया गया ताकि व्यापारियों को दिक्कतों एवं परेशानियों का सामना न करना पड़े कार्यक्रम प्रभारी एवं संचालक चेंबर उपाध्यक्ष लोकेश चंद्रकांत जैन ने बताया इस कैंप में अस्टिटेंट RTO रायपुर श्री प्रतीक जी,स्टाफ किरण साहनी, विमल वासनिक एवं पायल, योगेश कुणाल के निर्देशन में हुआ।

कार्यक्रम के उपस्थित गणमान्य लोगों का पंचायत अध्यक्ष यशवंत जैन, सुजीत जैन, विजय जैन, महावीर जैन, सुनील जैन के द्वारा मालवीय रोड़ व्यापारी संघ अध्यक्ष तरल मोदी, महामंत्री राजेश वासवानी, कोषाध्यक्ष श्री राकेश अग्रवाल, लालचंद गुलवानी, सतीश जैन, विशाल भूरा, सतीश बागड़ी, राजेन्द्र पारेख, धनराज जी का स्टॉल माला एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# रायपुर के भनपुरी क्षेत्र के आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के बच्चों हेतु ओपन स्काउट ग्रुप एवं ओपन गाइड ग्रुप प्रारंभ



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज, विश्व पर्यावरण दिवस के शुभअवसर पर भारत स्काउट एवं गाइड के वरिष्ठ वालंटियर टी के एस परिहार, उदय मुकादम एवम गायत्री सिंग द्वारा रायपुर के भनपुरी क्षेत्र के अर्थिक रूप से पिछडे वर्ग के बच्चों हेतू ओपन स्काउट ग्रुप एवं ओपन गाइड ग्रुप प्रारंभ करने का निश्चय कर सांकेतिक शुरुआत विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर की गई। इस कार्यक्रम के तहत आज भनपुरी क्षेत्र मे प्रारंभिक 10 युवा सदस्यों के साथ पर्यावरण जागरुकता अभियान चला कर समाज की पर्यावरण के प्रति भागीदारी बढ़ाने हेतु नागरिको को फलदार व छायादार वृष निशुल्क वितरित कर उनसे पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया गया. पर्यावरण संरक्षण अभियान आज 5 जून से प्रारंभ हो कर 16 जून तक लगातार जारी रहेगा।

स्काउट ग्रुप लीडर टी के एस परिहार ने बताया की दोनों ग्रुप मे सदस्य को जोडने का कार्य जून के तीसरे सप्ताह तक पूर्ण कर सदस्य आयु के अनुसार वर्गीकृत कर दोनो ग्रुप के तीनो यूनिट जुलाई के प्रथम सप्ताह में भारत स्काउट गाइड जिला संघ में पंजीकृत कराए जाएगे। अभ्यार्थियोंको स्काउट गाइड के निर्धारित चरणबध्द प्रशिक्षण के साथ साथ वैश्विक स्तर पर निर्धारित सतत विकास लक्ष भूख उन्मूलन, अच्छी शिक्षा, हेल्थ एंड –वैलबिइंग जेंडर इक्विलिटी, टिकिट लाइफ, जलवायु परिवर्तन आदि लक्ष्य को पूर्ण करने की गतिविधियां में भी योगदान देने हेतु प्रेरित किया जाएगा।

# डी.आर.एम. ऑफिस में तनाव प्रबन्धन पर चर्चा, रायपुर रेल मण्डल के वरिष्ठ अधिकारी हुए शामिल

### ब्रह्माकुमारी वीणा दीदी ने कहा- तनाव से बचने के लिए अपनी सोच को बदलना होगा



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के प्रशासक सेवा प्रभाग की ओर से डी.आर.एम. ऑफिस में वरिष्ठ अधिकारियों के लिए तनाव प्रबन्धन पर ब्रह्माकुमारी वीणा दीदी का व्याख्यान आयोजित किया गया। वीणा दीदी अधिकारियों को तनाव से बचने और तनाव को कम करने के लिए अनेक उपयोगी सुझाव दिए।

उन्होंने कहा कि तनाव से बचने के लिए हमें अपनी सोच को बदलना होगा। आप जो हैं जैसे हैं उसमें खुश रहना सीखें। सारी समस्या मन के कारण है। हम सब कुछ बदलना चाहते हैं किन्तु अपने विचारों को और सोंच को बदलने पर जरा भी ध्यान नहीं देते हैं। उन्होंने बतलाया कि सारे दिन में हमारे मन में लगभग तीस हजार विचार पैदा होते हैं जिसमें से अधिकांश विचार अनावश्यक और व्यर्थ होते हैं। चूंकि इन विचारों में एनर्जी होती है अतः व्यर्थ विचारों के द्वारा हम अपनी उर्जा को गंवा देते हैं और थक जाते हैं। हमें जिन्दगी में सन्तुलन बनाकर चलना सीखना है। जितना हम शरीर पर ध्यान देते हैं उतना ही मन पर भी ध्यान देने की जरूरत है। गुस्से पर नियंत्रण करना सीखें। कुछ भी हो जाए कभी हताश न हों। आशावादी बनें।

उन्होंने कहा कि आजकल तनाव होना आम समस्या हो चुकी है। छोटे बच्चे से लेकर बूढ़ों तक सभी को तनाव का सामना करना पड़ रहा है। अगर तनाव को मैनेज करना आ गया तो जीवन खुशहाल हो जाता है। तनाव हमारे मन में उत्पन्न होता है इसलिए हम मन का प्रबन्धन करने के बारे में चर्चा करेंगे। तनाव से घबराने की जरूरत नहीं है यह एक मैसेन्जर की तरह है जो कि हमें यह बतलाता है कि अब अपने अन्दर कुछ बदलाव लाने की जरूरत है। कभी-कभी ऑफिस में परस्पर तालमेल तथा सामंजस्य नही होने के कारण भी तनाव का सामना करना पड़ता है। इसी प्रकार टालने की प्रवृत्ति भी तनाव पैदा करती है। जब हम किसी बात को टालते जाते हैं कि इसे बाद में करेंगे और जब समय एकदम नजदीक आ जाता है तब तनाव बढ़ जाता है।

उन्होंने आगे कहा कि कुछ लोग दूसरों में बुराईयाँही देखते हैं। अच्छाई पर उनकी नजर नहीं जाती। उन्होंने लॉ ऑफ अट्रैक्शन की चर्चा करते हुए बताया कि जो हम सोचते हैं वही हमें वापिस मिलता है। भले ही आप कितने भी व्यस्त रहते हों किन्तु अब आपको रोजाना दस मिनट स्वयं के लिए निकालना होगा। मेडिटेशन करें, अपनी रूचि का खेल खेलें, परिवारजनों से मिलें अपना सुख-देख बाँटें।

उन्होंने दोनों हाथों को जोड़कर नमस्कार करने की विधि को विज्ञान सम्मत बतलाते हुए कहा कि इस सम्बन्ध में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय ने शोध करके बतलाया है कि दोनों अंगूठों को मिलाने से हमारे शरीर में पाजिटिव एनर्जी प्रवाहित होने लगती है।

सबसे पहले ब्रह्माकुमारी सौम्या दीदी ने ब्रह्माकुमारी संस्था का और वीणा दीदी का परिचय दिया। आभार प्रदर्शन सीनियर डिवीजनल कामर्शियल मैनेजर अवधेश कुमार त्रिवेदी ने किया। कार्यक्रम में मौजूद रेल मण्डल प्रबन्धक दयानन्द और उनकी धर्मपत्नी ने ब्रह्माकुमारी वीणा दीदी को शॉल और मोमेन्टो प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सहायक रेल मण्डल प्रबन्धक बजरंग अग्रवाल और उनकी धर्मपत्नी सहित बड़ी संख्या में अधिकारीगण उपस्थित थे।

# पीपला ने पीपल लगाकर दिया विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं, हरियाली का दिया संदेश



**आरंग ( विश्व परिवार )।** बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वयंसेवी संस्था पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यों ने कलई रोड स्थित मैदान में पीपल लगाकर हरियाली का संदेश दिया। साथ ही यहां पहले से लगाए सैकड़ों पौधों की सिंचाई व संरक्षण कर अनेक आम का पौधे भी रोपित किए। ज्ञात हो कि यह संस्था नगर में तीन चार वर्षों से पौधरोपण व संरक्षण में अहम् भूमिका निभा रहे हैं। बरसात लगते ही नगर में जगह-जगह पौधरोपण करना प्रारंभ कर ,वर्ष भर लगाए हुए पौधों की देखभाल करते हैं।पीपला की इस पहल की सर्वत्र सराहना हो रही है। वहीं फाउंडेशन के सदस्यों ने पीपल लगाकर लोगो को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दिए हैं। साथ ही बरसात में अधिक से अधिक पौधे रोपित करने तथा उसे संरक्षित करने अपील किए हैं। पौधारोपण में फाऊंडेशन के अध्यक्ष दूजेराम धीवर, संयोजक महेन्द्र कुमार पटेल, कोषाध्यक्ष कोमल, लाखोटी, सचिव अभिमन्यु साहू, संयुक्त सचिव संजय मेश्राम, सक्रिय सदस्य संतोष साहू,सूरज सोनकर,प्रतीक टोंड्रे,रमेश देवांगन, भागवत जलक्षत्री, दुर्गेश निर्मलकर,अशोक साहू ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# सिद्ध क्षेत्र गिरनार पर्वत की सात दिवसीय धार्मिक यात्रा के पोस्टर का हुआ विमोचन

### करेंगे उर्जयन्त गिरी पर्वत वंदना, चढायेंगे भगवान नेमीनाथ के मोक्ष कल्याणक पर निर्वाण लाडू



**जयपुर ( विश्व परिवार )।** सिद्ध क्षेत्र गिरनार जी पर्वत की सात दिवसीय धार्मिक यात्रा के बहुरंगीय पोस्टर का विमोचन

वात्सल्य रत्नाकर, प्रसिद्ध दिगम्बर जैन आचार्य विमल सागर मुनिराज के अंतिम दीक्षित शिष्य उपाध्याय उर्जयन्त सागर मुनिराज के सानिध्य में जयकारों के बीच किया गया। इस मौके पर यात्रा के मुख्य समन्वयक आर के जैन रेल्वे, मुख्य संयोजक राखी जैन, संयोजक एडवोकेट राजेश काला, प्रिया बडजात्या सहित समाजश्रेष्ठी प्रदीप जैन, दर्शन बाकलीवाल, मनीष बैद, प्रकाश चन्द्र चांदवाड, यशकमल अजमेरा, राजेश बडजात्या, भारत भूषण अजमेरा, मनोज झांझरी,अरुण जैन रेवड़ीवाला, समाजसेविका रेणू राणा, रचना बैद, महिमा जैन सहित बड़ी संख्या में साधर्मी बन्धु शामिल हुए।

यात्रा के मुख्य समन्वयक आर के जैन रेल्वे ने बताया कि उपाध्याय श्री के आशीर्वाद से जयपुर से गुजरात के जूनागढ़ स्थित उर्जयन्त गिरी पर्वत की वन्दना एवं आसपास के दर्शनीय स्थलों के भ्रमण के लिए 30 जून को जयपुर से रेल द्वारा सात दिवसीय धार्मिक यात्रा रवाना होगी। राजकोट से ऐसी बसो द्वारा जैन धर्म के 22 वें तीर्थंकर भगवान नेमीनाथ की मोक्ष स्थली गिरनार पर्वत पर जैन धर्म के 22 वें तीर्थंकर भगवान नेमीनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढाया जाएगा। इस मौके पर दिल्ली से विश्व जैन संगठन के बैनर तले रवाना हुई 1500 किलोमीटर मार्ग की पदयात्रा भी इसी दिन उर्जयन्त गिरी पर्वत पहुंचेगी।

सिद्ध क्षेत्र गिरनार जी की वन्दना के बाद धार्मिक यात्रा में शामिल यात्री सोमनाथ, दीव, पोरबंदर, द्वारिका धाम के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करते हुए 6 जुलाई को वापस राजकोट होते हुए रेल से जयपुर लौटेंगे। मुख्य संयोजक राखी जैन के मुताबिक धार्मिक यात्रा के दौरान सभी यात्रियों को आवास, भोजन इत्यादि की सुविधा यात्रा आयोजकों की ओर से उपलब्ध करवाई जाएगी।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /21405/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 06-06-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 21405**
**वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802I00279** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PRAVEEN BANTI SHUKLA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ASHWANI KUMAR SHUKLA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **DURGESHWARI BAGHEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JAI SINGH BAGHEL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

–सूचना जारी करें–
**श्री जसदेव सिंह बाबरा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /21401/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 06-06-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 21401**
**वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802J00655** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MAMTA MISHRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. RAJ KUMAR MISHRA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NIRMAL SAHA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PARIMAL SAHA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

–सूचना जारी करें–
**श्री जसदेव सिंह बाबरा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /21399/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 06-06-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 21399**
**वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802F00054** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ABHISHEK TIWARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. JAIKUMAR TIWARI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NEELAM SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PANKAJ KUMAR SINGH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

–सूचना जारी करें–
**श्री जसदेव सिंह बाबरा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## संक्षिप्त समाचार

### पदीय दायित्व निर्वहन में उदासीनता बरतने के कारण पंचायत सचिव डिमरापाल तत्काल प्रभाव से निलंबित

**जगदलपुर ( विश्व परिवार )/** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बस्तर श्री प्रतीक जैन द्वारा पदीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता बरतने के कारण ग्राम पंचायत सचिव डिमरापाल विकासखण्ड तोकापाल श्री सकरू राम कश्यप को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। इस सम्बंध में जारी आदेश में कहा गया है कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तोकापाल से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार तोकापाल क्षेत्रान्तर्गत 17 मई 2025 को ग्राम बड़ेमारेंगा जनपद पंचायत तोकापाल में आयोजित समाधान शिविर में सचिव ग्राम पंचायत डिमरापाल श्री सकरू राम कश्यप द्वारा शराब का सेवन कर समाधान शिविर में उपस्थित होने के कारण श्री सकरू राम कश्यप सचिव ग्राम पंचायत डिमरापाल को उच्चाधिकारी के निर्देशों की अवहेलना करने सहित अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता बरतने तथा छत्तीसगढ़ पंचायतराज अधिनियम 1993 की धारा 72 के तहत ग्राम पंचायत सचिव के विहित कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन नहीं करने के फ्लस्वरूप सचिव ग्राम पंचायत डिमरापाल जनपद पंचायत तोकापाल श्री सकरू राम कश्यप को छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा अनुशासन तथा अपील नियम 1999 के नियम 4 (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में श्री सकरू राम कश्यप का मुख्यालय कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तोकापाल निर्धारित किया जाता है। निलंबन अवधि में सम्बन्धित को छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा अनुशासन तथा अपील नियम 1999 के नियम 13 के तहत नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा ।

### राजिम विधायक रोहित साहू शनिवार को गरियाबंद में करेंगे जनदर्शन

**सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक सुनेंगे ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं की समस्याएं**



**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय, गरियाबंद में विशेष जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन करने जा रहे हैं। यह जनदर्शन सुबह 11 बजे से शुरू होकर दोपहर 1:30 बजे तक चलेगा, जिसमें वे क्षेत्र के आम नागरिकों, ग्रामीणों तथा भाजपा कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं और मांगें सुनेंगे। विधायक के निज सहायक किशोर साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि इस जनदर्शन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनता से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर उनकी स्थानीय समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना है। प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विधायक संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी देंगे, ताकि जनसमस्याओं का तत्काल निराकरण हो सके। यह पहला अवसर होगा जब विधायक रोहित साहू जिला मुख्यालय गरियाबंद में विशेष जनदर्शन आयोजित कर रहे हैं। इस कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

विधायक रोहित साहू ने कहा कि, जनता की भागीदारी और संवाद से ही क्षेत्रीय समस्याओं का स्थायी समाधान संभव है। हम सभी की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# शहर के सभी आरोग्य मंदिरों 'दाई-बाबा दिवस' का आयोजन

## दाई-बाबा दिवस में बुजुर्गों को मिली प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं और सम्मान





**कोण्डागांव।** आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुँचाने के लिए जिले में लगातार हेल्थ मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिससे सभी को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिले। इसी तारतम्य में बुधवार को शहर के सभी आरोग्य मंदिरों में बुजुर्गों के सम्मान में ''दाई-बाबा दिवस'' का आयोजन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का थीम ''हमारे बुजुर्ग, हमारी धरोहर'' था। कार्यक्रम का उद्देश्य बुजुर्गों के सम्मान और स्वास्थ्य संरक्षण था। जिसमें स्वास्थ्य सेवा के साथ भावनात्मक जुड़ाव और पीढ़ियों के बीच संवाद को सशक्त करने पर जोर दिया गया। मुख्य कार्यक्रम डीएनके स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोण्डागांव में आयोजित किया गया, जहां नगर पालिका अध्यक्ष नरपती पटेल एवं प्रेमनगर वार्ड के पार्षद असलम की अध्यक्षता में वृद्धाश्रम से आए बुजुर्गों का तिलक और श्रीफल देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर बुजुर्गों के लिए रक्तचाप और शुगर जांच, मोतियाबिंद परीक्षण, जोड़ परामर्श, मानसिक स्वास्थ्य एवं संज्ञानात्मक परीक्षण, वृद्धावस्था पोषण, एवं योगाभ्यास पर मार्गदर्शन जैसी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गई। जिन वरिष्ठ नागरिकों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं था, उनके लिए मौके पर आभा आईडी भी बनाए गए। स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित इस शिविर में कुल 27 बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. सिंग, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भावना महलवार, शहरी कार्यक्रम चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनिल, जिला लेखा प्रबंधक शीतल ताम्रकर, जिला सलाहकार डॉ. विनय जोनाथन ज्वेल एवं जिला डाटा प्रबंधक राहुल लिल्हारे सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिला चिकित्सालय गरियाबंद में अब होगी प्रतिदिन निगरानी, कलेक्टर कार्यालय ने जारी किया आदेश

**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ — जिला चिकित्सालय गरियाबंद की सेवाओं में सुधार एवं सतत निगरानी के उद्देश्य से कलेक्टर कार्यालय, गरियाबंद द्वारा एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। इस आदेश के तहत अस्पताल की ओ.पी.डी. सेवाओं, डॉक्टरों की समय पर उपस्थिति, दवाइयों की उपलब्धता, उपकरणों की कार्य स्थिति, साफ-सफाई, पेयजल सुविधा सहित मरीजों को मिलने वाली अन्य मूलभूत सुविधाओं का प्रतिदिन निरीक्षण किया जाएगा।

जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए सप्ताह के प्रत्येक दिन हेतु एक-एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि वे अपने नियत दिन पर जिला चिकित्सालय में पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करें और प्रतिदिन




रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

निरीक्षण हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों की सूची निम्नानुसार है:

सोमवार: घासीराम मरकाम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत गरियाबंद

मंगलवार: प्रकाश सिंह राजपूत, अपर कलेक्टर गरियाबंद

बुधवार: अरविन्द पांडेय, अपर कलेक्टर गरियाबंद

गुरुवार: नवीन भगत, अपर कलेक्टर

शुक्रवार: ऋक्षा ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गरियाबंद

शनिवार: रामसिंह सोरी, डिप्टी कलेक्टर गरियाबंद

रविवार: मयंक अग्रवाल, तहसीलदार गरियाबंद

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नोडल अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि समस्त स्टाफ की ऑनलाइन बायोमेट्रिक उपस्थिति, डॉक्टरों की उपस्थिति, दवाइयों की उपलब्धता एवं अन्य सभी मूलभूत सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं या नहीं। यदि किसी प्रकार की कमी या लापरवाही पाई जाती है, तो उसकी रिपोर्ट त्वरित रूप से संबंधित अधिकारियों को भेजी जाएगी।

## देव कोठार में रुख तिहार मनाया गया



**जगदलपुर ( विश्व परिवार )/** आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इस वर्ष भी बस्तर के पास ग्राम पिड़ीसीपारा भोड के देव कोठार में ग्रामीणों ने बच्चों के साथ मिलकर पौधारोपण किया गया जिसमें सभी ग्रामीण बंधुओ ने भाग लिया. देव कोठार में पर्यावरण उत्सव मनाने के सूत्रधार सुभाष श्रीवास्तव की मौजूदगी में सारे आयोजन होते हैं. इस ग्राम में हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है ग्रामीण बच्चों ने अपने पारम्परिक वेशभूषा में नृत्य की प्रस्तुति दी और बड़ी बुजुर्ग महिलाओं ने हर पेड़ को रक्षा सूत्र बांध के उसे पेड़ की रक्षा का संकल्प लिया. ग्रामीणजन और बच्चों ने वनस्पति के पौधों की रक्षा की शपथ ली तथा पौधो को सुरक्षित रखने हेतु बांस की पट्टी का घेरा बनाकर व्यवस्थित किया गया.

### यादव समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक 8 को राजधानी रायपुर में

**नगरी।** प्रांत स्तरीय छ. ग कोसरिया यादव समाज की बैठक राजधानी रायपुर में 08 जून दिन रविवार समय 11बजे से 4 बजे तक महेश भवन राजकुमार कॉलेज सामने जी ई रोड रायपुर छ. ग में रखा गया है, जिसमें धमतरी जिला स्तर कोसारिया यादव समाज कार्यकारिणी के अलावा सिहावा माडमसिली सलोनी चिकली कुरुद धमतरी क्षेत्र,एवं सभी परिक्षेत्रों के अध्यक्ष भी शामिल होंगे। जिला कोसारिया यादव समाज केअध्यक्ष हृदय यादव के आदेशानुसार ग्राम बनरौद में होने वाली जिला स्तर बैठक प्रदेश स्तर की बैठक की जानकारी मिलने पर स्थगित किया गया है, प्रदेश स्तर की बैठक होने पर जिला स्तर की बैठक की जानकारी पुनः दिया जाएगा। जिसमे प्रदेश स्तर बैठक पर धमतरी जिला के सभी क्षेत्र, परिक्षेत्रों के अध्यक्ष रायपुर मे दिखाएंगे एकजुटता का परिचय।

# सुपर फूड मुनगा से कोकड़ी की महिलाओं की कमाई



**धमतरी।** औषधीय गुणों से भरपूर सुपर फुड मुनगा की फसल लेकर कोकड़ी की महिलाएं दुगुना आय अर्जित कर रहीं हैं। मुनगा को सब्जी के तौर पर तो उपयोग किया ही जाता है। इसके साथ ही मुनगे की पत्तियों का पावडर मल्टीविटामिन सप्लीमेंट के साथ ब्लड शुगरए कोलेस्ट्रॉल और बीपी को कंट्रोल करने में भी मदद करता है। यही वजह है कि महिलाएं मुनगा की बिक्री ना केवल आसपास के बाजारों में कर रहीं हैंए बल्कि राजधानी रायपुर में भी इसकी सप्लाई कर रहीं हैं। इससे उन्हें दुगुनी आमदनी मिल रही है। धमतरी जिले के कुरूद विकासखण्ड स्थित ग्राम पंचायत कोकड़ी की जय मां लक्ष्मी स्व सहायता समूह की अध्यक्ष रामेश्वरी साहू बतातीं हैं कि उनके समूह में 12 सदस्य हैं, जो मिल-जुलकर मुनगे की खेती कर रहीं हैं। उन्होंने बताया कि गांव के खाली पड़े लगभग साढ़े तीन एकड़ से अधिक की भाठा जमीन पर मिश्रित खेती करने के लिए उन्हें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत वर्ष 2022-23 में 11 लाख 44 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिली। इसके बाद महिलाओं ने इस भाठा जमीन पर साल भर मेहनत किया और उनके द्वारा लगाए गए पौधे लहलहाने लगे। इन पौधों में मुनगा के अलावा करौंदा, आंवला और नींबू के पौधे शामिल हैं। मुनगे के पेड़ों में फल जल्दी लगने लगे और साल में दो फसल मिलने लगी। इससे महिलाओं को दुगुनी आय मिल रही है। साहू बताती हैं कि उनके इस अभिनव प्रयोग को देखने के लिए जिले के अन्य गांव के लोग भी आते हैं और उनसे इसका प्रशिक्षण भी लेकर जाते हैं। आजकल खेती के प्रति लोगों का आकर्षण बढ़ रहा है और आधुनिक तरीके से भी लोग खेती कर रहे हैं। धान, गेहूं, दलहन-तिलहन के अलावा अब लोग सब्जियों की फसल लेने में आगे आ रहे हैं और मुनाफा भी कमा रहे हैं। मुनगा का पौधा किसी भी जमीन पर आसानी से जगने और कम पानी में भी जल्द फल देने वाला पौधा है। इसमें प्रोटिन, आयरन, मैग्नीशियम, विटामिन बी, सी और ए की मात्रा भरपूर होती है।

# युक्तियुक्तकरण करना भाजपा सरकार की शिक्षा विरोधी, रोजगार विरोधी कदम,कांग्रेस करेगी पूरे प्रदेश में आंदोलन-मोहन मरकाम

**10 हजार से अधिक स्कूलों के बंद होने से रसोईया,चौकीदार, भृत्य जैसे पद व हजारों लोगों के रोजगार के अवसर समाप्त होंगे...**




**जगदलपुर ( विश्व परिवार )/** आज संभाग मुख्यालय राजीव भवन जगदलपुर में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया जिसे इस पत्रकार वार्ता के प्रभारी व छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मंत्री मोहन मरकाम के द्वारा संबोधित किया गया.. श्री मोहन मरकाम ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार 10 हजार से अधिक स्कूलों को बंद करने जा रही है तथा 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त कर रही है। सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों विशेषकर बस्तर, सरगुजा, जशपुर जैसे जगहों पर स्कूलों की कमी होगी, सरकार झूठ बोल रही कि स्कूल बंद नहीं होंगे। भाजपा ने विधानसभा चुनावों में 57000 शिक्षकों की भर्ती का वादा किया था। सरकार बनने के बाद 33000 शिक्षक भर्ती की घोषणा, इस वर्ष बजट में भी 20000 शिक्षकों की भर्ती की बात की गयी है अब 5000 शिक्षक भर्ती की घोषणा किये है, लेकिन यह शिक्षक भर्तियां नहीं करनी पड़े, इसलिये 45000 शिक्षक पद समाप्त किये जा रहे है। जब पद ही खाली नही रहेंगे तो भर्ती कहां से करेंगे ?

पूर्व मंत्री मोहन मरकाम ने कहा भाजपा सरकार का युक्तियुक्तकरण करना शिक्षा विरोधी, रोजगार विरोधी कदम है। 10 हजार स्कूलों के बंद होने से रसोईया, चौकीदार, भृत्य जैसे पद भी समाप्त होंगे हजारों लोगों के रोजगार के अवसर समाप्त होंगे। 10 हजार स्कूल बंद होना सरकार की विफलता है। जबकि शराब दुकान खुल रहा है और स्कूल बंद हो रहा है। सरकार को नयी शिक्षक भर्ती करना चाहिये। इस सरकार में शिक्षा की गुणवत्ता कमजोर हो गया है। यह सरकार शिक्षा व्यवस्था को पूरा चौपट कर दिया है।

श्री मोहन मरकाम ने आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बताया शिक्षकों की नई भर्तियां न करनी पड़े इसलिए साय सरकार शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण कर रही है।सरकारी शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने साय सरकार ने षड्यंत्र रचा है। साय सरकार के इस फैसले का सबसे बड़ा नुकसान बस्तर और सरगुजा के आदिवासी अंचलों में पढ़ने वाले बच्चों पर पड़ेगा। नए सेटअप में प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में एचएम को शिक्षकीय पद मानते हुए प्राइमरी में 30 और मिडिल में 35 बच्चों के बीच एक शिक्षा का सेटअप घोषित किया गया है। प्राथमिक शालाओं में पहली व दूसरी में तीन-तीन विषय एवं तीसरी, चौथी, पांचवी में चार-चार विषय के अनुसार कुल 18 विषय होते हैं, जिन्हें वर्तमान समय में तीन शिक्षकों को 40 मिनट का 6-6 कक्षा लेना होता है, अब युक्तियुक्तकरण के नए नियम के बाद दो ही शिक्षको के द्वारा 18 कक्षाओं को पढ़ाना कैसे संभव हो सकता है ?मिडिल स्कूल में तीन क्लास और 6 सब्जेक्ट इस हिसाब से कुल 18 क्लास और 60 बच्चों की कुल संख्या में एचएम और उसके साथ केवल एकमात्र शिक्षक कैसे 18 क्लास ले पाएंगे ?इसके अतिरिक्त मध्यान भोजन की व्यवस्था डाक का जवाब और अन्य गैर शिक्षकीय कार्यों की जिम्मेदारी भी इन्हीं पर रहेगी।स्कूलों को जबरिया बंद किए जाने से न केवल शिक्षक बल्कि उन स्कूलों से संलग्न हजारों रसोईया, स्लीपर और मध्यान भोजन बनाने वाली महिला, स्व सहायता समूह की बहनों के समक्ष जीवन यापन का संकट उत्पन्न हो जाएगा।शिक्षा के स्तर पर बुरा असर पड़ना निश्चित है।इसके पहले भी रमन सरकार के समय भी 3000 स्कूलों को बंद किया गया था जिन्हे कांग्रेस की सरकार बनने के बाद फिर शुरु किया गया।भाजपा सरकार ने इतना बड़ा अव्यवहारिक निर्णय लेने से पहले ना प्रभावित वर्ग से चर्चा की, न ही प्रदेश के भविष्य के बारे में सोचा।सरकारी आंकड़ों के मुताबिक ही प्रदेश में 58000 से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त हैं, हर महीने सैकड़ो शिक्षक रिटायर हो रहे हैं, कई वर्षों से शिक्षकों का प्रमोशन रुका हुआ है, राज्य मे भाजपा की सरकार बनने के बाद एक भी शिक्षक की भर्ती नहीं हुई है।युक्तियुक्तकरण से युवाओं के शिक्षक बनने का सपना भी टूट जायेगा।कांग्रेस पार्टी शिक्षा न्याय आंदोलन के तहत 5 जून से 10 जुलाई तक 10463 स्कूलों के बंद होने,शिक्षा अभ्यर्थियों के भविष्य को खतरे में डालने, हजारों शिक्षकों व नॉन टीचिंग स्टॉफ की नौकरियों व प्रमोशन को खतरे में डालने को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ़ 4 चरणों में प्रदेश भर में आंदोलन करेगी...

## सार समाचार

### इस घटना या विराट कोहली को लोग नहीं भूलेंगे

#### वर्ल्ड कप विनिंग खिलाड़ी के बयान ने मचाई सनसनी

**नईदिल्ली।** आईपीएल 2025 का खिताब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपने नाम किया. इसके बाद बुधवार को आरसीबी ने बेंगलुरु में अपनी जीत का जश्न मनाया. आरसीबी के लिए बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसे विक्ट्री परेड का नाम दिया गया जिसमें विराट कोहली और कप्तान रजत पाटीदार समेत अन्य लोग शामिल हुए थे. जिस समय 35 हजार दर्शकों की क्षमता वाले चिन्नास्वामी स्टेडियम के अंदर ये कार्यक्रम चल रहा था उसी समय मैदान के लगभग 3 लाख लोगों की भीड़ जमा हो गई. इसके बाद वहां फैंस के बीच भगदड़ मच गई और कुल 11 लोगों की जान चली गई, जिसमें महिला और बच्चे भी शामिल थे. इस घटना ने पूरे देश में हलचल मचा दी है. इस घटना के बाद चारों ओर लोगों में आक्रोश का माहौल है. ये गुस्सा आरसीबी और विराट कोहली पर भी जमकर फूट रहा है. अब इसी कड़ी में पूर्व भारतीय क्रिकेटर और वर्ल्ड कप विजेता खिलाड़ी मदनलाल भी इस दुखद घटना पर आक्रोश व्यक्त किया है. इसके साथ ही उन्होंने विराट कोहली और आरसीबी की टीम को भी आड़े हाथों लिया है. मदन लाल ने कहा कि, इस घटना और विराट कोहली को लोग कभी नहीं भूलेंगे. जिस समय लोग बाहर मर रहे थे, उस समय अंदर जश्न चल रहा था. ये वास्तव में चौंकाने वाली और निराशाजनक घटना है. मृतकों के परिवारों को इस दुखद दुर्घटना के लिए आरसीबी और राज्य सरकार पर 100 करोड़ रुपये का मुकदमा करने पर विचार करना चाहिए. बीसीसीआई भी जिम्मेदारी से बच रहा है. ये दुखद है. आपको बता दें कि 4 जून यानी बुधवार की शाम ये दुखद घटना घटी. इस घटना में 11 लोगों की मौत हो गई और 33 लोग घायल हुए. ये घटना तब हुई जब आरसीबी 18 साल बाद आईपीएल ट्रॉफी जीतने का जश्न मना रही थी.

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के इन बल्लेबाजों ने बनाए हैं सबसे ज्यादा रन

**नईदिल्ली।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे चक्र का फाइनल मुकाबला 11 जून से लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू होगा। इसके लिए ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम जमकर तैयारी कर रही है। कंगारू टीम अपने खिताब के बचाव के लिए फाइनल मुकाबले में उतरेगी। उसने पिछला खिताब भारतीय क्रिकेट टीम को हराकर अपने नाम किया था। ऐसे में आइए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों पर एक नजर डाल लेते हैं। इस सूची में पहले स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज और कप्तान रिकी पोंटिग हैं।

उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला मुकाबला साल 1997 में खेला था। आखिरी बार वह 2012 में इस टीम के खिलाफ खेलते हुए नजर आए थे। उन्होंने 26 मुकाबलों की 48 पारियों में 3 बार नाबाद रहते हुए 2,132 रन बनाए थे। उनकी औसत 47.37 की रही थी।

उन्होंने 8 शतक और 11 अर्धशतक लगाए थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 143* रन था। सूची में दूसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज नील हार्वी हैं। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 1949 से 1958 तक टेस्ट क्रिकेट खेलते हुए नजर आए थे।

इस टीम के खिलाफ उन्होंने 14 मुकाबले खेले थे। इसकी 23 पारियों में 81.25 की उम्दा औसत के साथ 1,625 रन बनाने में सफल रहे थे। उनके बल्ले से 8 शतक और 5 अर्धशतक निकले थे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 205 रन रहा था। तीसरे स्थान पर पूर्व स्टार बल्लेबाज माइकल क्लार्क हैं। वह 2008 से 2014 तक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ क्रिकेट का सबसे बड़ा प्रारूप खेलते हुए नजर आए थे। उन्होंने 14 मुकाबले खेले थे। इसकी 27 पारियों में 5 बार नाबाद रहते हुए 1,487 रन बनाए थे। उनकी औसत 67.59 की रही थी। उनके बल्ले से 5 शतक और 3 अर्धशतक निकले थे। क्लार्क का इस टीम के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ स्कोर 259* रन रहा था। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन इस सूची में चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टेस्ट मैच साल 1994 में खेला था। आखिरी बार वह 2009 में खेलते हुए नजर आए थे। उन्होंने 19 टेस्ट की 36 पारियों में 43.70 की औसत से 1,486 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 6 शतक और 5 अर्धशतक निकले थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 138 रन रहा था। सक्रिय बल्लेबाजों में सबसे ज्यादा रन स्टीव स्मिथ के बल्ले से निकले हैं। उन्होंने 12 मुकाबलों की 21 पारियों में 44.94 की औसत से 854 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 2 शतक और 4 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 104 रन है।

### जीओ का धांसू ऑफर, 51 रुपए में पूरे महीने पाएं अनलिमिटेड 5जी डेटा

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी रिलायंस जियो अपने 47 करोड़ से अधिक मोबाइल यूजर्स के लिए एक शानदार ऑफर लेकर आई है। अब जियो यूजर्स महज 51 रुपये खर्च करके पूरे एक महीने तक अनलिमिटेड 5त्र डेटा का लाभ उठा सकते हैं। जियो का यह आकर्षक ऑफर खासकर उन 5त्र स्मार्टफोन यूजर्स के लिए है जो जियो के 5जी नेटवर्क वाले क्षेत्रों में रहते हैं।

जियो की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, यह एक डेटा-ओनली प्लान है, जिसमें ग्राहकों को अनलिमिटेड 5त्र डेटा के साथ-साथ 3त्नक्क हाई-स्पीड 4त्र डेटा भी मिलेगा। इस डेटा पैक की वैधता आपके मौजूदा रिचार्ज प्लान तक रहेगी। इसका मतलब है कि किसी भी पहले से सक्रिय प्लान के साथ इस डेटा पैक को जोड़कर आप पूरे महीने अनलिमिटेड 5त्र डेटा का आनंद ले सकते हैं।

इसके अतिरिक्त, जियो के 101 रुपये और 151 रुपये वाले प्लान में भी यूजर्स को अनलिमिटेड 5त्र डेटा का लाभ मिलता है। यह ऑफर उन यूजर्स के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है जो भारी मात्रा में डेटा का इस्तेमाल करते हैं और बिना किसी डेटा लिमिट की चिंता किए इंटरनेट का उपयोग करना चाहते हैं।

गौरतलब है कि जियो ने इस साल की शुरुआत में बिना डेटा वाले दो प्रीपेड प्लान भी लॉन्च किए थे। टेलीकॉम कंपनी ने यह कदम भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण के आदेश पर उठाया था। ये दोनों प्लान उन फीचर फोन यूजर्स के लिए पेश किए गए थे जिन्हें डेटा की आवश्यकता नहीं होती है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने सतत संसाधन प्रबंध अभियान - थीम वाले पर्यावरण माह 2025 की शुरुआत की

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने पर्यावरण माह 2025 की शुरुआत की। इसके तहत सतत संसाधन प्रबंध अभियान थीम के जरिये कंपनी ने निरंतरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। यह पहल टोयोटा पर्यावरण चुनौती 2050 के व्यापक लक्ष्यों और टोयोटा ग्लोबल विजन 2050 को साकार करने के लिए जागरूकता बढ़ाने की वैश्विक थीम के अनुरूप है। इस अभियान का उद्देश्य कंपनी और इसकी मूल्य श्रृंखला में स्थिरता की संस्कृति को मजबूत करना है। इस वर्ष के फोकस का एक प्रमुख तत्व 'जीरो-बेस थिंकिंग' को अपनाना है। यह एक ऐसी रणनीति है जिसमें सभी संसाधनों का जमीनी स्तर से पुनर्मूल्यांकन करना और केवल उन्हीं को बनाए रखना शामिल है जो



वास्तविक मूल्य में योगदान करते हैं। इस तरह, दीर्घकालिक स्थायी दक्षता को बढ़ावा मिलता है जो रिफ्यूज, रीसाइकिल (सर्कुलर इकनॉमी), रीयूज और रिड्यूस (4आर) के माध्यम से पूरा होता है।

हर साल जून में मनाया जाने वाला टोयोटा का वैश्विक पर्यावरण महीना पर्यावरण से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर कार्रवाई करने के लिए एक मंच के रूप में काम करता है। 2025 का संस्करण जागरूकता और सहभागिता को मजबूत करने के निरंतर प्रयासों पर आधारित है, साथ ही भारत में टीकेएम की 25 साल से ज़्यादा की सफल यात्रा को भी चिह्नित करता है और 'जर्नी टू ग्रीन ञ्च 25' थीम के ज़रिए इसकी प्रमुख पर्यावरणीय उपलब्धियों को दर्शाता है। कुछ प्रमुख पर्यावरणीय मील के पत्थर इस प्रकार हैं:

ग्रिड की बिजली के लिए 100त्न अक्षय ऊर्जा उपयोग प्राप्त किया गया। इससे विनिर्माण में शून्य कार्बन उत्सर्जन की स्थिति प्राप्त करने की दिशा में तेजी आई

टीकेएम के उत्पादन के लिए कुल जल आवश्यकता का 89.3त्न हिस्सा रीसाइकिल (पुनर्चक्रित) किये जल और वर्षा जल संचयन के माध्यम से पूरा किया जाता है

संयंत्र सुविधाओं में प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन पद्धतियों को अपनाया गया है जिससे अपशिष्ट की रीसिकिल करने (पुनर्चक्रण) की क्षमता 96त्न तक बढ़ जाती है

टीकेएम ने अपनी तरह का एक अनुभवात्मक पर्यावरण शिक्षण केंद्र 'इकोज़ोन' स्थापित किया है , जो 25 एकड़ भूमि पर फैला हुआ है, जिसमें 17 शैक्षिक थीम पार्क हैं, जिन्हें विशेष रूप से बच्चों में पारिस्थितिकी चेतना को विकसित करने और उन्हें इको चैंपियन के रूप में विकसित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। अब तक, टीकेएम ने छात्रों और विभिन्न हितधारकों सहित 42,000 से अधिक आउटरीच हासिल किये हैं।

## धान में स्टेम बोरर्स से निपटने के लिए बेयर ने लॉन्च किया बीकोटा

**बिलासपुर।** कृषि एवं स्वास्थ्य से संबंधित लाइफसाइंस के क्षेत्र में अग्रणी वैश्विक कंपनी बेयर ने बीकोटा को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह विशेष रूप से स्टेम बोरर कीट से निपटने में धान के किसानों की मदद के लिए तैयार किया गया प्रोडक्ट है। इन हानिकारक कीटों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए बीकोटा में बेयर के एक्सक्लूसिव इनोवेशन को शामिल किया गया है। बीकोटा को जून, 2025 से पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना समेत सभी धान उत्पादक राज्यों में उपलब्ध कराया जाएगा। लॉन्चिंग के मौके पर मोहन बाबू, (क्लस्टर कमर्शियल लीड भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका, क्रॉप साइंस डिवीजन, बेयर) ने कहा बेयर अपने इनोवेशन के माध्यम से किसानों के जीवन को आसान बनाने के लिए प्रयासरत है। बीकोटा के माध्यम से हम न केवल चाहते हैं कि धान के किसानों की फसल सुरक्षित रहे, बल्कि समय एवं श्रम की लागत भी कम हो और उन्हें उपज व आय बढ़ाने में मदद मिले। स्टेम बोरर्स से धान की फसल को बहुत नुकसान होता है, जिससे उपज कम होती है। बीकोटा तेजी से काम करते हुए इन कीटों का आहार रोक देता है और स्थायी सुरक्षा प्रदान करता है। एक बार प्रयोग करके किसान बाजार में उपलब्ध अन्य समाधानों की तुलना में लम्बे समय तक तक फसलों की सुरक्षा को लेकर निश्चिंत हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त यह जड़ो एवं पूरे पौधे के विकास में भी सहयोग करता है, जिससे फसल की सेहत ठीक रहती है है। यह ज्यादा उपज सुनिश्चित करने के साथ-साथ बदलते मौसम में स्टेम बोरर्स की चुनौती को दूर करता है। बीकोटा प्रयोग की दृष्टि से सुरक्षित है और फायदेमंद कीटों के लिए भी सुरक्षित है। यही बात इसे किसानों के लिए पसंदीदा विकल्प बनाती है और इसे इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट (आईपीएम) प्रैक्टिस के लिए उपयुक्त बनाती है। अपने ग्रेन्युलर फॉर्मूलेशन के कारण यह प्रयोग में आसान है। इससे किसान आसानी से और तेजी से खेत में इसका छिड़काव कर पाते हैं।




## क्या बंद होने वाला है 500 रुपए का नोट? अब आ गया सरकार का बयान

**नई दिल्ली।** बीते एक हफ्ते से सोशल मीडिया और कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में 500 रुपए के नोट को बंद किए जाने की अटकलें लगाई जा रही थीं। इन खबरों में कहा जा रहा था कि भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को एटीएम में 100 रुपए और 200 रुपए के नोटों की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया है और इसके लिए डेडलाइन भी तय कर दी है, जिससे 500 रुपए के नोट के बंद होने की संभावना जताई जा रही थी। अब सरकार की आधिकारिक फैक्ट चेक यूनिट, प्रेस सूचना ब्यूरो ने इन खबरों का खंडन किया है। PIB ने एक ट्वीट जारी कर स्पष्ट किया है कि 500 रुपए के नोट को बंद करने की कोई योजना नहीं है। PIB ने कैपिटल टीवी नामक एक यूट्यूब चैनल द्वारा प्रसारित इस खबर को फर्जी बताया है। PIB के अनुसार, RBI की ओर से ऐसा कोई भी आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है और 500 रुपए का नोट चलन में बना रहेगा। इस पूरे मामले की शुरुआत तब हुई जब भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को एटीएम में 100 रुपए और 200 रुपए के नोटों का सर्कुलेशन बढ़ाने का निर्देश जारी किया था। इसके बाद विभिन्न विशेषज्ञों ने इस निर्देश की अपने-अपने तरीके से व्याख्या करना शुरू कर दिया। कुछ विशेषज्ञों ने अनुमान लगाया कि यह ?500 के नोट को धीरे-धीरे बाजार से वापस लेने की प्रक्रिया का हिस्सा हो सकता है। इस अफवाह को और हवा तब मिली जब आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने केंद्र सरकार से 500 रुपए और उससे अधिक मूल्य के नोटों को बंद करने की अपील की।

## शब्द सामर्थ्य -070

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**
1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 12ए | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 |
| | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | |
| 18 | 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 22 | | | ■ | 23 | | | ■ | 24 |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 069 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| वा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक 1525/निविदा/ग्रा.यां. सेवा/2025 रायपुर, दिनांक 03/06/2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) 'द' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र-'अ' पर दर्शित सिविल कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी दिनांक 01.11.2021 एवं विद्युतीकरण कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, लो.नि.वि. द्वारा जारी दिनांक 01.06.2020 तथा ग्रा.यां. सेवा में लागू दर अनुसूची (एस.ओ.आर.) दिनांक 09.09.2020 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची पर निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 13/06/2025 तक आमंत्रित की जाती है:-

| स.क्र / NIT No. | टेण्डर नंबर / आमंत्रण | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि | फार्म फीस |
|---|---|---|---|---|---|
| 1/427 | 169638/ 2nd Call/ | Zonal Tender (Different Type of Civil Works i.e. but each work not exceeding cost of Rs. 25.00 lacs) at Sub division-Arang, Distt.- Raipur (C.G.) | 90.00 | 67500 | 3000 |
| 2/428 | 169632/2 nd Call/ | शा.प्रा.शाला अमसेना में 03 नग अतिरिक्त कक्ष, 01 नग बालक शौचालय एवं 01 नग बालिका शौचालय निर्माण कार्य ग्राम पंचायत अमसेना, वि.खं. आरंग, जिला रायपुर। | 27.022 | 20300 | 1500 |
| | 169634/2 nd Call/ | शा.प्रा.शाला भोथली में 03 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य ग्राम पंचायत भोथली, वि.खं. आरंग, जिला रायपुर। | 21.984 | 16500 | 750 |
| 3/430 | 169637/2 nd Call/ | शास.प्राथ.शाला रविदास नगर आरंग में अतिरिक्त कक्ष एवं शौचालय निर्माण एवं शास. पूर्व.मा.शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य नगर पालिका परिषद वि.ख. आरंग, जिला रायपुर। | 19.88 | 15000 | 750 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 04/06/2025 से देखी जा सकती है।

टीप :- मैन्युअल दस्तावेज की अंतिम तिथि 17/06/2025 सायं 5.30 तक कार्यपालन अभियंता, ग्रा.यां. सेवा, संभाग रायपुर में पहुंचना अनिवार्य है।

जी -252601402/1

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

दुर्ग, दिनांक 27.05.2025

(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)
(प्रथम आमंत्रण)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र 'अ' में प्रतिशत दर पर दिनांक 16.06.2025 तक आमंत्रित की जाती है:-

| निविदा आमंत्रण सू.क. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 69/दुर्ग (दुर्ग) /2025 | उपसंभाग क्रं. 03 दुर्ग के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में विशेष मरम्मत समय समय पर स्वीकृत अन्य कार्य | 50.00 |
| 70/दुर्ग (दुर्ग /2025 | जिला दुर्ग के फुण्डा-मोतीपुर-अमलेश्वर मार्ग के कि.मी. 7/4 ग्राम तर्रा में स्थित पुलिया का विस्तार करने हेतु ब्लैक स्पॉट हटाने का कार्य | 19.62 |
| 71/दुर्ग (दुर्ग) /2025 | उपसंभाग क्रं. 03 अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल भवन केम्प 02 भिलाई का निर्माण कार्य | 67.05 |
| 72/दुर्ग (बालोद)/2025 | लोक निर्माण विभाग बालोद संभाग बालोद के अंतर्गत वाटर प्रुफिंग कार्य | 50.00 |
| 73/दुर्ग (खैरागढ)/2025 | उपसंभाग छुईखदान के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू.एम.एम. एव बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य | 50.00 |
| 74/दुर्ग (कवर्धा)/2025 | लोक निर्माण विभाग, संभाग कवर्धा के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू.एम. एम. एव बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य | 168.99 |
| 75/दुर्ग (कवर्धा)/2025 | लोक निर्माण विभाग, संभाग कवर्धा के अंतर्गत उपसंभाग कवर्धा एवं बोड़ला के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई कार्य | 30.00 |
| 76/दुर्ग (कवर्धा)/2025 | लोक निर्माण विभाग, संभाग कवर्धा के अंतर्गत उपसंभाग कवर्धा एवं बोड़ला के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में मरम्मत कार्य | 29.87 |

टीप
1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है ।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. कमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल
दुर्ग दूरभाष 0788-2210876

जी - 252601379/3

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, शनिवार 07 जून 2025

## ऑक्सीजोन-कम-स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के लिए 12.81 करोड़ मंजूर

**रायपुर (विसं)।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने रायगढ़ नगर निगम में ऑक्सीजोन-कम-स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के विकास के लिए 12 करोड़ 81 लाख 12 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा विभागीय मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग द्वारा मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के अंतर्गत यह राशि स्वीकृत की गई है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में इस कार्य को शामिल किया गया था। इसे अमलीजामा पहनाने विभाग द्वारा रायगढ़ नगर निगम के वार्ड क्रमांक-32 में एफ.सी.आई. के पास ऑक्सीजोन-कम-स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के विकास के लिए 12 करोड़ 81 लाख 12 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### एडवरटाइजिंग एसोसिएशन द्वारा पर्यावरण दिवस पर किया गया वृक्षारोपण



**रायपुर (विश्व परिवार)।** पर्यावरण दिवस पर एडवरटाइज़िंग एसोसिएशन द्वारा टाटीबंध में मर्सिडीज बेंज सिटी स्टार के प्रांगण में सभी सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इसमें प्रमुख रूप से ओंकार सिंह (अध्यक्ष) अफसर खान (सचिव), मनीष राज्यवर्धन, पंकज गुप्ता, वीरेंद्र शुक्ला, विजय घोष, रिषभ पारेख एवं मर्सिडीज बेंज सिटी स्टार, रायपुर के देवाशीष दास, कौशिक सोनी, गुरप्रीत सिंह, आशीष राय, पीयूष लंबा एवं साहिल शर्मा शामिल थे।

### लोकेश कावड़िया ने किया वृक्षारोपण



**रायपुर (विश्व परिवार)।** लोकेश कावड़िया (अध्यक्ष छत्तीसगढ़ निशक्तजन वित्त एवं विकास निगम आयोग) दिव्यांग महाविद्यालय परिसर में सिंदूर के वृक्ष का रोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। भारत सरकार द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के प्रतीक के रूप में भी इसे आयोजित किया। इस अवसर पर श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के जन संपर्क अधिकारी राजेश तिवारी और प्राचार्य शरद चंद्र तिवारी उपस्थित थे।

### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर उरला में किया गया वृक्षारोपण



**बीरगांव (विश्व परिवार)।** बीरगांव निगम क्षेत्र में विश्व पर्यावरण दिवस पर हरित स्वच्छता अभियान चलाया गया इसके तहत बड़ी तादाद में वृक्षारोपण किया गया और रैली निकाली गई इस दौरान प्लास्टिक प्रदूषण का अंत करने का संकल्प जनप्रतिनिधियो द्वारा लिया गया इसके अलावा बीरगांव निगम क्षेत्र में विश्व पर्यावरण दिवस पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीरगांव निगम क्षेत्र में कल विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हरित स्वच्छता अभियान के तहत उरला में रैली निकाली गई थी स्वच्छता रैली सिंघानिया चौक उरला से प्रारंभ हुआ जो सुभाष चौक होते हुए नाउव तालाब उरला पहुंचे जहां पर बीरगांव के महापौर नंदलाल देवांगन द्वारा वृक्षारोपण किया गया इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने प्लास्टिक प्रदूषण के अंत का संकल्प लिया और कागज के बने थैला का उपयोग करने की बात कही। इस अवसर पर निगम आयुक्त जुगल किशोर उर्वशा सभापति कृपाराम निषाद, नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश साहू, एमआईसी सदस्य उबारन दास बंजारे, पार्षद बेदराम साहू, पुष्पा आशीष यादव, शिव साहू सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्वच्छता दीदी मौजूद थे।

### राज्यपाल रमेन डेका ने मानपुर-मोहला-अंबागढ़ चौकी जिले के टी.बी. मरीजों को दी 60 हजार की सहायता

**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्यपाल रमेन डेका ने मानपुर-मोहला-अंबागढ़ चौकी जिले के 10 टीबी मरीजों के लिए एक सराहनीय कदम उठाते हुए उन्हें पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने हेतु 60 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की है। यह सहायता राशि उन्होंने अपने स्वेच्छानुदान मद से दी है, जिससे मरीजों के स्वास्थ्य में सुधार लाने में मदद मिलेगी। प्रत्येक मरीज को प्रति माह 500 रुपए के मान से एक वर्ष तक सहायता दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व में राज्यपाल ने मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, दंतेवाड़ा, बिलासपुर, कोरिया और सारंगढ़-बिलाईगढ, प्रत्येक जिले के 10-10 टीबी मरीजों के लिए कुल 3 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की थी। भारत सरकार के प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत राज्य को टीबी मुक्त बनाने के लिए राज्यपाल डेका ने इस अभियान में समुदाय की भागीदारी को अत्यंत आवश्यक बताया और जनसहयोग की महत्ता पर बल दिया है।

# दपूम रेलवे बिलासपुर के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश द्वारा वैगन रिपेयर शॉप रायपुर का निरीक्षण

## महाप्रबंधक ने वैगन रिपेयर शॉप के मैकेनिकल इंजीनियरिंग एवं तकनीकी स्टाफ के ज्ञान कौशल को जांचा परखा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज तरुण प्रकाश, महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा वैगन रिपेयर शॉप रायपुर का निरीक्षण किया गया एवं प्रधान विभागाध्यक्ष एवं वैगन रिपेयर शॉप के मुख्य कर्मशाला प्रबंधक के साथ बैठक ली।

महाप्रबंधक तरुण प्रकाश जी ने वैगन रिपेयर शॉप निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम स्लाइड प्रेजेंटेशन के माध्यम से वैगन रिपेयर शॉप में चल रहे कार्यो का जायजा लिया गया। इसके पश्चात महाप्रबंधक जी द्वारा वेस्ट टू आर्ट से बनी कलाकृतियां का निरीक्षण किया गया गेटवे ऑफ़ इंडिया, विशाल गणपति जी को देखा एवं स्क्रैप के उपयोगीकरण की सराहना की। गुडस ट्रेन के वैगनों की मरम्मत के वैगन फ्लो चार्ट का अवलोकन कर व्हील शॉप, सी.टी.आर.बी. सेक्शन, बॉगी शॉप, डीवी सेक्शन, सी.बी.सी सेक्शन, वैगन बॉडी-I एवं वैगन बॉडी-II, स्टोर डिपो, गुडस ट्रेन के ब्रेकिंग सिस्टम में लगने वाले डिस्ट्रीब्यूटर वॉल की टेस्टिंग एवं एसेंबलिंग, व्हील में लगने वाले बॉगी कंपोनेंट के स्प्रिंग्स बॉगी की मरम्मत मेकैनिज्म को जांचा-परखा एवं तकनीकी स्टाफ के कौशल की जानकारी ली, कोन क्लीयरेंस, सील वायरिंग मेकैनिज्म को जांचा एवं व्हील शॉप के एक्सेल जर्नल लेथ मशीन की कार्य प्रणाली के तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की। गुडस ट्रेन के ब्रेकिंग सिस्टम में लगने वाले एयर ब्रेक सिस्टम के कंपोनेंट जो की महिला कर्मचारियों रानी दुर्गावती ग्रुप द्वारा रिपेयर किए जाते हैं,



महिलाओं के तकनीकी कार्यों की जानकारी ली। गुडस ट्रेन के वैगनों की मरम्मत में व्हील एसेंबल की बोगी शॉप में कार्यरत महिला रेल कर्मियों से भी तकनीकी कौशल पर चर्चा की। वैगन मरम्मत में वैगन को ऊपर उठाने के उपयोग आने वाली 20 टन ईओटी क्रेन का शुभारंभ किया।

वैगन रिपेयर में मरम्मत में उपयोग आने वाली सामग्री के रखरखाव के भंडार विभाग का निरीक्षण किया। प्रत्येक सामान के रखरखाव की जानकारी ली। वैगन रिपेयर शॉप निरीक्षण के दौरान पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने पौधारोपण भी किया गया। महाप्रबंधक ने कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ कर्मचारी हितों पर चर्चा की एवं वैगनों की मरम्मत में लगे तकनीकी कर्मियों, इंजीनियरों से बात की। सुरक्षा एवं संरक्षा को ध्यान में रखते हुए गुणवत्ता परख रेलवे के मानकों के अनुसार कार्य करने पर जोर दिया।

इस निरीक्षण के दौरान तरुण प्रकाश, महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, संजय बिस्वास, मंडल रेल प्रबंधक रायपुर दयानंद, मुख्य कर्मशाला प्रबंधक निर्मल कुमार भण्डारी जी, उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर रवि निवाले, उप मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री एन.नियोगी एवं मुख्यालय के प्रधान विभागाध्यक्ष एवं मुख्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## शिक्षण व्यवस्था को गुणवत्तापूर्ण बनाने किया जा रहा है युक्तियुक्तकरण : डॉ. गौरव कुमार सिंह

**कलेक्टर ने शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में ली प्रेसवार्ता**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने आज जिले में संपन्न हुए शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में जानकारी देने हेतु प्रेसवार्ता ली। उन्होंने कहा कि राज्य में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और समावेशी बनाने के लिए शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। डॉ. सिंह ने विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि नगरीय इलाकों में छात्रों की तुलना अधिक शिक्षक पदस्थ हैं, जबकि ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों की शालाओं में स्थिति इसके विपरीत है। वहां शिक्षकों की कमी है, जिसके चलते शैक्षिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। इस स्थिति को सुधारने के उद्देश्य ही राज्य सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण का कदम उठाया गया है। इससे जिन शालाओं में शिक्षक की जरूरत है, वहां शिक्षक उपलब्ध होंगे।

उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया से ग्रामीण क्षेत्रों में गणित, रसायन, भौतिकी और जीव विज्ञान जैसे विषयों के विषय-विशेषज्ञ उपलब्ध होंगे। बच्चों को अच्छी शिक्षा, बेहतर



शैक्षणिक वातावरण और बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। छात्र-शिक्षक अनुपात स्कूलों में संतुलित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप शिक्षकों और शालाओं का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है।

डॉ. सिंह ने बताया कि रायपुर जिले में 04 शालाओं का समायोजन हो रहा है। जिसमें 1 अभनपुर और 3 रायपुर नगर के स्कूल शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्र में जहां वह स्कूल जो जिनके अगल-बगल एक किलोमीटर की परिधि में दूसरा स्कूल था और बच्चों की संख्या 10 से कम थी वहीं नगरीय क्षेत्र में 500 मीटर के भीतर दूसरा स्कूल था और बच्चों की संख्या 30 से कम थी ऐसे चार विद्यालयों का यहां समायोजन दूसरे विद्यालय में किया गया है बाकी 385 विद्यालयों को एक ही परिसर में जो प्राइमरी स्कूल या मिडिल स्कूल थे उनको एक विद्यालय के रूप में क्लस्टर विद्यालय के रूप में विकसित किया गया है। डॉ सिंह ने कहा कि 1422 अलग-अलग स्कूल थे। इस प्रक्रिया के बाद अब 1033 स्कूलों के रूप में पूरे स्कूलों की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा कि रायपुर जिले में अतिशेष शिक्षकों की संख्या 1013 है, जिनमें व्याख्याता 127, मिडिल स्कूल के 237 और सहायक शिक्षक 645 शामिल है। जिले में जो अतिशेष शिक्षक और रिक्तियां थी उसके अनुसार काउंसलिंग कर पदस्थापना की गई है। इससे पढ़ाई का स्तर बढ़ेगा और अच्छे परिणाम मिलने में सहयोग मिलेगा।

## आमों की 200 से अधिक किस्मों एवं व्यंजनों को देखने उमड़ा रायपुर

**कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय राष्ट्रीय आम महोत्सव प्रारंभ**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर तथा संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, छत्तीसगढ़ शासन तथा प्रकृति की ओर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान आज से तीन दिवसीय राष्ट्रीय आम महोत्सव का शुभारंभ हुआ। यह आम महोत्सव रविवार 8 जून तक चलेगा। राष्ट्रीय आम महोत्सव में आम की 200 से अधिक किस्मों एवं आम से बने 56 व्यंजनों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस आम महोत्सव में छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों के 450 से अधिक किसानों द्वारा विभिन्न किस्मों के 1200 से अधिक आमों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके साथ ही आमों से बने 56 उत्पादों का प्रदर्शन भी किया जा रहा है। देश के विभिन्न हिस्सों से आए आम उत्पादकों द्वारा आम के विभिन्न किस्मों के फलों तथा पौधों का विक्रय भी किया जा रहा है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने आज कृषि विश्वविद्यालय तथा राज्य शासन के संचालनालय उद्यानिकी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आम प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

आम महोत्सव में आम की विभिन्न किस्मों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है जिसमें छत्तीसगढ़ एवं देश के विभिन्न राज्यों के आम उत्पादक शामिल हुए हैं। अवसर पर आम से बने विभिन्न व्यंजनों की प्रतियोगिताएं भी आयोजित हैं। आम की सजावट प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है जिसमें विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थी, महिलाएं तथा अन्य सामान्यजन भी पंजीयन कर भागीदारी कर सकते है। इस महोत्सव में पंजीयन एवं प्रवेश पूर्णतया नि:शुल्क है। राष्ट्रीय आम महोत्सव में संस्थागत एवं व्यक्तिगत प्रतियोगी भी सहभागी हो सकते हैं।

## जेसीआई रायपुर रॉयल कैपिटल ने प्रस्तुत किया वस्त्रम 2.0-खुशियों का धागा

**रायपुर के चंगोराभाटा में 7,000 से अधिक कपड़े वितरित करने के लिए कपड़ा वितरण अभियान**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** सामुदायिक सशक्तिकरण और सामाजिक जिम्मेदारी के अपने मिशन को जारी रखते हुए, जेसीआई रायपुर रॉयल कैपिटल को वस्त्रम 2.0 के शुभारंभ की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है, जो वंचित समुदायों का समर्थन करने के उद्देश्य से एक बड़े पैमाने पर कपड़ा वितरण अभियान है।

JCI RAIPUR ROYAL CAPITAL

वस्त्रम की पहली पहल की सफलता के बाद, वस्त्रम 2.0 इस साल जरूरतमंद व्यक्तियों और परिवारों को 7,000 से अधिक कपड़े वितरित करके एक बड़ा कदम उठाएगा। यह कार्यक्रम रविवार, 08 जून, 2025 को सांस्कृतिक भवन, चंगोराभाटा में सुबह 09:00 बजे से शुरू होने वाला है। इस कार्यक्रम में स्वच्छ और उपयोग में आने वाले पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के वस्त्र तथा मौसमी वस्त्रों का वितरण, स्वयंसेवकों द्वारा सावधानीपूर्वक छांटे गए, साफ किए गए और पैक किए गए सामान तथा समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों पर ध्यान केंद्रित करना शामिल होगा।

जेसीआई रायपुर रॉयल कैपिटल व्यक्तियों, गैर सरकारी संगठनों और स्थानीय व्यवसायों को इस अभियान में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता है, चाहे वह स्वयंसेवी सहायता के माध्यम से हो या केवल संदेश फैलाने के माध्यम से। कार्यक्रम के बारे में बोलते हुए जे.सी. धारा विरानी, अध्यक्ष जे.सी. रायपुर रॉयल कैपिटल ने कहा कि जे.सी. मनीष पाहुजा, जेसी प्रतीक जैन,, जे.सी. डॉ. अपूर्वा श्रीवास्तव, जे.सी. जयंत खंडेलवाल, जे.सी. विकास पटेल, जे.सी. निखिल चांडक, जे.सी. अमन अग्रवाल, जे.सी. सोनू अग्रवाल, जे.सी. आदित्य अग्रवाल और वस्त्रम 2.0 की टीम इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पिछले एक महीने से अथक प्रयास कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि माननीय सुनील सोनी, विधायक रायपुर दक्षिण, माननीय छगन चौबे और माननीय पीपीपी जेएफआर राजेश अग्रवाल मुख्य अतिथि और विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। उन्होंने कार्यक्रम के प्रायोजक व्हिसल2 सर्विसेज, रुद्राक्ष सेल्स कॉरपोरेशन, नोवा पिक्सेल, भगवती पैकेजिंग और एलिक्सिर विंडोज एंड फैब्रिकेशन्स को भी धन्यवाद दिया। जे.सी.आई. रायपुर रॉयल कैपिटल जूनियर चैंबर इंटरनेशनल (जे.सी.आई.) का एक स्थानीय अध्याय है, जो सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध युवा सक्रिय नागरिकों का एक वैश्विक संगठन है। यह अध्याय रायपुर में प्रभावशाली सेवा परियोजनाओं, युवा विकास और नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

## पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने लक्ष्य नि:शुल्क कोचिंग में छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर प्रोत्साहित किया

**कड़ी मेहनत, एकाग्र मन और बेहतर शिक्षा व्यक्ति को जीवन में हमेशा सफल बनाते हैं : भावना बोहरा**



**कवर्धा (विश्व परिवार)।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए संचालित लक्ष्य नि:शुल्क कोचिंग में आज उन्होंने अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर उन्हें प्रोत्साहित किया। इस दौरान भावना बोहरा ने बच्चों के साथ अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा कर उनका मार्गदर्शन किया साथ ही कोचिंग में पढ़ाई व सुविधाओं के संबंध में भी चर्चा कर मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही।

विदित हो की पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा विधानसभा क्षेत्र के ऐसे युवा जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं परन्तु संसाधनों की कमी व परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने की वजह से वह पीछे रह जाते हैं उनके लिए सार्थक प्रयास किया जा रहा है। उनके द्वारा पंडरिया में संचालित लक्ष्य नि:शुल्क कोचिंग सेंटर में ढ्ढढ्ढ्र-छ्श्वश्व, ह्श्वश्व्ञ और ष्ट्वक्रष्ट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले 220 से अधिक छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क कोचिंग की सुविधा मिल रही है।

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सभी बच्चों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लक्ष्य नि:शुल्क कोचिंग सेंटर की स्थापना का हमारा मुख्य उद्देश्य ऐसे प्रतिभावान विद्यार्थियों जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं तथा संसाधनों की कमी होने की वजह से वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर पाते हैं उन्हें प्रोत्साहित करना है और उन्हें भी बेहतर शिक्षा प्रदान करना है ताकि वे अपने सपनों को पूरा कर सकें। इन युवाओं के ऊपर ही हमारे देश व प्रदेश के उज्वल भविष्य की नींव टिकी हुई है इसलिए उन्हें बेहतर शिक्षा मिल सके इसके लिए हम सभी का संयुक्त प्रयास आवश्यक है। संसाधनों की कमी की वजह से कोई भी बच्च शिक्षा ग्रहण करने से वंचित न रहे इसके लिए हम निरंतर प्रयास कर रहें हैं और आगे भी हमारा प्रयास जारी रहेगा। हमें ख़ुशी है कि आज लगभग 200 से अधिक बच्चों को हमारे इस प्रयास से लाभ मिल रहा है, इससे कहीं न कहीं उनके परिजनों को भी आर्थिक व मानसिक संबल मिल रहा है।

पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने आगे कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हमारे पंडरिया विधानसभा का कोई भी युवा शिक्षा के क्षेत्र में पीछे न रहें। उन्हें बेहतर शिक्षा और सुविधा मिल सके तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु साधन व संसाधन की कमी उन्हें अपने सपनों को पूरा करने में कोई अवरोध न बन सके इसके लिए हम कृतसंकल्पित हैं। हमारे युवाओं को बेहतर शिक्षा, मार्गदर्शन और एक मंच देना चाहते हैं जिसके माध्यम से वे सही राह पर चल सकें, विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां अर्जित कर अपने समाज, माता-पिता, क्षेत्र और हम सभी का नाम रोशन कर सके। अपने लिए एक बेहतर भविष्य सुनिश्चित कर सके एवं आर्थिक व संसाधनों के अभाव में पीछे न रह सकें।

### पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यालय एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट गंज परिसर में वृक्षारोपण



**रायपुर (विश्व परिवार)।** 05 जून को विश्व पर्यावरण के दिवस के अवसर पर दिनांक 05.06.25 को पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा कार्यालय एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट गंज परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम डी.आर.पोर्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तल, उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती राजेश देवांगन, प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट निरीक्षक परेश कुमार पाण्डेय तथा एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट के अन्य अधि./कर्म. उपस्थित रहे तथा उक्त अधिकारियों द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया।

## प्रेम पाहुजा सरदार वल्लभभाई पटेल डूमर तराई थोक बाजार के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित



**रायपुर (विश्व परिवार)।** दिनांक 06 जून 2025 को श्री प्रेम पाहुजा को सरदार वल्लभभाई पटेल डूमर तराई थोक बाजार, रायपुर का निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया है। यह सरदार वल्लभभाई पटेल डूमर तराई थोक बाजार के संरक्षक एवं चेंबर सलाहकार श्री अशोक मलानी के सानिध्य में निर्वाचन बाजार समिति के वरिष्ठों द्वारा सर्वसम्मति से किया गया, जो श्री पाहुजा के नेतृत्व और बाजार के विकास के प्रति उनके समर्पण में अटूट विश्वास को दर्शाता है।

श्री पाहुजा का निर्विरोध निर्वाचन उनके व्यापक अनुभव, उत्कृष्ट संगठनात्मक कौशल और सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करने की उनकी क्षमता का प्रमाण है। श्री प्रेम आहूजा जी के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर चेंबर के संरक्षक श्री श्रीचंद सुंदरानी, चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी एवं कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेश वासवानी ने उन्हें ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर बाजार के वरिष्ठों की प्रमुख भूमिका रही जिनमें श्री अशोक मलानी, श्री हरीश दरयानी, श्री इंदर वाधवानी, श्री गगन अग्रवाल, श्री राजेश गोयल, श्री गौराम जैन, श्री अमरलाल सचदेव, श्री सुरेश जैन, श्री वांग्ला जी एवं श्री प्रताप राय पोपटानी श्री अशोक निहलानी राजेश पोपटानी राजू भाई तारवानी प्रमुख रहे।

चोट एवं जलने के बाद घाव की प्लास्टिक सर्जरी
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

DEAR TAX PAYER
PLEASE FILE YOUR INCOME TAX RETURN BEFORE DUE DATE TO AVOID LATE FILING PENALTY.
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
आयकर, जी.एस.टी. एवं टी.डी.एस. सलाहकार
e-mail : onlytds@gmail.com
शेखर गुप्ता 9300755544
RIFCO TAX Consultants Financial Services
D-6, Sector-2, Devendra Nagar, Raipur.
आयकर, टी.डी.एस. एवं जी.एस.टी. सलाहकार
शेखर गुप्ता 7861055544 9300155544
RIFCO Tax Consultants
www.onlytds.com

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354